दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 09 मई-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 139 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3










# पाकिस्तान के ड्रोन हमले को भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब, जगह-जगह ब्लैक आउट


## पाकिस्तान ने जम्मू हवाई अड्डे को निशाना बनाने का प्रयास किया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन हमला किया है। भारतीय वायु सेना ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान ने जम्मू हवाई अड्डे को निशाना बनाने का प्रयास किया। सेना की जवाबी कार्रवाई शुरू हो गई है।

**राजस्थान के बॉर्डर से जुड़े पांच जिलों में स्कूल बंद :** तनाव के बीच राजस्थान के बॉर्डर से जुड़े पांच इलाकों में शुक्रवार को स्कूल बंद रहेंगे।

**गुरदासपुर में भी बजे सायरन, मार गिराए ड्रोन :** गुरदासपुर में भी सायरन बजे हैं। भारत ने जवाबी कार्रवाई में कई ड्रोन मार गिराए हैं।

जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। विस्फोटों की आवाज गूंजी। आसमान में चमकती हुई रोशनी दिखी।



**अमेरिकी विदेश मंत्री ने एस जयशंकर से की बात :** अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। सचिव ने तत्काल तनाव कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन पर जोर दिया। विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के लिए अपनी संवेदना दोहराई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मिलकर काम करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के दो फाइटर जेट विमानों को मार गिराया।

**सभी एयरपोर्ट पर अलर्ट, यात्रियों की होगी दोहरी जांच :** नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश भर के सभी एयरलाइनों और हवाई अड्डों को सुरक्षा उपाय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी हवाई अड्डों पर सभी यात्रियों की सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेकिंग (एसएलपीसी) की जाएगी। टर्मिनल बिल्डिंग में आगंतुकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तदनुसार एयर मार्शल की तैनाती की जाएगी।

**एस जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन से की बात :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन से बात की है। उन्होंने बताया कि भारत ने अपनी कार्रवाइयों को लेकर संयम बरता है। हालांकि, किसी भी तरह की बढ़ोतरी का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

**एस जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से की बात :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से एंटोनियो ताजानी से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया पर चर्चा की। किसी भी वृद्धि पर कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

# हिंडन एयर बेस में बढ़ाई गई सुरक्षा

## वायु सेवा को स्टैंड बाई पर रहने का निर्देश!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों भारत और पाकिस्तान को लेकर जिस तरीके के हालात बने हुए हैं लगातार दोनों ही तरफ से हमले हो रहे हैं। उसको लेकर अब गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस में वायु सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दे दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वायु सेना के सबसे अभ्यस्त गरुड़ कमांडो और वायु सेवा के रिजर्व स्टाफ को स्टैंडबाई मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जिस तरह से बीते दो दिनों से कश्मीर और उसके सटे राज्यों में हालात बने हुए हैं, उसको देखते हुए बुधवार को ही हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से भारतीय विमान अथॉरिटी की ओर से फैसला लिया गया था कि हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से अलग-अलग राज्यों और शहरों के लिए उड़ने वाली सभी राज्यों की हवाई सेवा बंद कर दी जाए। तो वहीं गुरुवार को हिंडन एयर बेस में भी सुरक्षा का मुआयना करने के बाद सुरक्षा अधिकारियों को अलर्ट करने के साथ ही गरुड़ कमांडो भी स्टैंड बाय मोड़ पर कर दिया गया है।

## गरुड़ कमांडो भी रहेंगे अलर्ट

### वायु सेवा का प्रमुख और बड़ा एयरबेस है हिंडन

**करंट क्राइम :** भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरीके के माहौल हैं, तो हालात युद्ध जैसी स्थिति कभी भी बन सकती है। इसके मद्देनजर वायु सेवा के प्रमुख एयर बसे में से एक हिंडन एयर बेस को अलर्ट कर दिया गया है। वहीं यहां के हर प्रकार के स्टाफ को स्टैंड बाय मोड पर रखा जा रहा है। साथ ही युद्ध क्षेत्र में उड़ने वाले विमान के एक्सपर्ट पायलट्स भी चौकन्ने कर दिए गए हैं। वहीं वायु सेना के सबसे प्रमुख ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गरुड़ कमांडो की टीम को हिंडन एयरबेस पर और अधिक मुस्तैद और सुरक्षा का पहरा सख्त करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगातार यहां मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है और हर छोटी बड़ी गतिविधि और एंट्री एग्जिट प्वाइंट पर नजर रखी जा रही है। बता दें की हिंडन एयर बेस गाजियाबाद से कई प्रमुख युद्धक विमान उड़ाते हैं। तो यह देश के सबसे प्रमुख एयरबेस में भी शामिल है। जो किसी भी बड़े युद्ध के समय इस्तेमाल किया जा सकता है।






# युद्ध की घोषणा के बाद जनरल वीके सिंह ने किया अपने जन्मदिन का कार्यक्रम निरस्त

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की घोषणा होते ही गाजियाबाद के पूर्व सांसद मिजोरम के राज्यपाल तथा भारतीय सेवा के पूर्व अध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने अपने जन्मदिन का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। जनरल वीके सिंह का जन्मदिन 10 मई को होता है। उनके जन्मदिन पर उनके गाजियाबाद स्थित आवास पर जन्मदिन का कार्यक्रम रखा गया था। युद्ध की घोषणा के बाद जनरल वी के सिंह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच वर्तमान हालात को देखते हुए जब हमारे वीर जवान सीमा पर देश की रक्षा में डटे हुए हैं और असंख्य परिवार प्रार्थना में लगे हैं। ऐसे समय में जन्मदिन मनाना उचित नहीं है। यह समय उत्सव का नहीं बल्कि एकजुटता और आत्म चिंतन का है। मेरा जन्मदिन फिर आ जाएगा पर हमारे देश के प्रति सम्मान और अपने सैनिकों के लिए संवेदनाएं सर्वोपरि है। हम सब मिलकर देश की शांति सुरक्षा और एकता के लिए प्रार्थना करें। जनरल वीके सिंह ने देश के प्रति अपने संकल्प को दोहराया और उन्होंने अपना जन्मदिन ना मानने का ऐलान किया।



General V.K. Singh
7m

भारत और पाकिस्तान के बीच वर्तमान हालात को देखते हुए, जब हमारे वीर जवान सीमा पर देश की रक्षा में डटे हुए हैं और असंख्य परिवार प्रार्थना में लगे हैं, ऐसे समय में जन्मदिन मनाना उचित नहीं लगता।

यह समय उत्सव का नहीं, एकजुटता और आत्मचिंतन का है। मेरा जन्मदिन फिर आ जाएगा, पर हमारे देश के प्रति सम्मान और अपने सैनिकों के लिए संवेदनाएँ सर्वोपरि हैं।

आइए हम सब मिलकर देश की शांति, सुरक्षा और एकता के लिए प्रार्थना करें।

जय हिंद।
आपके सहयोग और समझ के लिए धन्यवाद।

# आईपीएस धवल जायसवाल ने संभाला डीसीपी सिटी का चार्ज

## अतुल सिंह को बनाया गया एसीपी कार्यालय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के डीसीपी के रूप में आईपीएस अधिकारी 2016 धवल जायसवाल ने गुरुवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में चार्ज संभाल लिया है। दोपहर को वह आए और पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात की और फिर शाम को अपने कार्यालय पहुंचकर चार संभाला और सिटी क्षेत्र में आने वाले थानाक्षेत्रों का भ्रमण किया। आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल का कहना है की जनसुनवाई उनकी प्राथमिकता में रहेगा। साथ ही महिला अपराध और कार्यालय में आने वाले मामलों को लेकर वह तत्काल एक्शन लेंगे। वहीं पुलिस कर्मियों के साथ जल्द ही वह मीटिंग कर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिटी जोन की वर्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शासन की मंषा अनुरुप सभी प्रयास करेंगे। बता दें कि धवल जायसवाल इससे पहले फतेहपुर में एसपी के पद पर कार्यरत थे। बीते दिनों आईपीएस अधिकारियों की तबादला लिस्ट आने के बाद उन्हें गाजियाबाद भेजा गया। जहां उन्हें सिटी जोन के साथ ही गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में मुख्यालय की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में लंबे समय से तैनात एसीपी अतुल सिंह को एसीपी कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि बीते दिनों एसीपी कार्यालय रिटायर्ड हो गए थे, अब यहां पर अतुल सिंह को एसीपी कार्यालय के रूप में पोस्ट किया जा रहा है।



### पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कर दिया जनता से ये वादा

# नहीं है शिक्षक-स्नातक-एमएलसी चुनाव लड़ने का उनका कोई इरादा

**दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं एमएलसी चुनाव की किसी दावेदारी में नहीं हूं।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सारी उम्मीद ही उम्मीदवार बनने पर टिकी होती है। सियासत में हैं और चुनाव ना लड़ें तो फिर किस बात की सियासत। सियासत के योद्धाओं के लिये जंग अहमियत रखती है, जंग का मैदान नहीं। मैदान छोटा हो सकता है, बड़ा हो सकता है, लेकिन जंग रोचक होनी चाहिए। अगर, राजनीति में योद्धाओं की बात करें तो पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल का नाम यहां आता है।

उन्होंने गाजियाबाद की राजनीति में ये दिखाया है कि जंग को जंग की तरह कैसे लड़ा जाता है। वो उस समय एमएलसी चुनाव लड़े थे जब गाजियाबाद के हिस्से में ये सीट ही नहीं मानी जाती थी। वो गाजियाबाद में एमएलसी चुनाव की नींव रखने वाले ऐसे नेता हैं जिन्होंने एमएलसी के लिये अन्य नेताओं के मन में भी उम्मीदें जगा दी थी। वो इस चुनाव को इतनी मजबूती से लड़े थे कि बहुत कम मार्जिन से वो यहां हार गए थे या फिर ये भी कहा जा सकता है कि वो इस चुनाव को जीतते-जीतते रह गए थे। इसके बाद अनिल अग्रवाल राज्यसभा चुनाव लड़ेंअ और राज्यसभा चुनाव में वो अकेले ऐसे उम्मीदवार थे जो अंतिम राउंड तक लड़े थे। बेहद रोचक मुकाबला हुआ था और यहां उन्होंने साउंड तरीके से अंतिम राउंड में जीत दर्ज की थी।

राजनीति के इस योद्धा ने गाजियाबाद में वैश्य समाज के लिये लोकसभा का रास्ता खोला। जब जनरली कोई ये कहने का सासह भी नहीं जुटा पाता था कि वो लोकसभा में दावेदारी कर रहे हैं, जब किसी विधायक का नाम लोकसभा के लिये चर्चा में आता था तो विधायक कसमें खाने लगते थे कि हमारी कोई दावेदारी नहीं है। तब डॉ. अनिल अग्रवाल ने लोकसभा सीट पर वैश्य दावेदारी ठोंकी। उन्हें राजनीति के खतरों का खिलाड़ी कहा जा सकता है और ये कहा जा सकता है कि यदि आज अतुल गर्ग वैश्य समाज से लोकसभा सांसद हैं तो इसमें पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल की बड़ी भूमिका रही है।

उन्होंने सबसे पहले लोकसभा की जमीन को वैश्य लैंड घोषित कराने की भूमिका बनाई और उसके बाद ये सीट वैश्य समाज के हिस्से में आई और अतुल गर्ग को टिकट मिला और वो लोकसभा सांसद हैं। अनिल अग्रवाल आज पूर्व राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन वो सियासी गतिविधियों में पूरी तरह व्यस्त हैं। जब भी कोई चुनाव आता है तो वो ऐसी राजनीतिक हस्ती है कि उनका नाम दावेदारी में जरूर चलता है और गाजियाबाद की राजनीति में ये कोई नई बात भी नहीं।

यहां विधायक रहते हुए अतुल गर्ग को लोकसभा का टिकट मिला और नरेंद्र कश्यप राज्यसभा सांसद रहे हैं, लेकिन आज वो एमएलसी हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। इसलिये राजनीति में चुनावी जंग अहम है। एमएलसी चुनाव को लेकर अभी से बिसात बिछने लगी है और जब एमएलसी चुनाव के दावेदारों की बात चलती है तो यहां पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल का भी नाम आता है। हालांकि डॉ. अनिल अग्रवाल ने अपनी इस दावेदारी को लेकर अपना स्टैंड स्पष्ट किया।

दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं एमएलसी चुनाव की किसी दावेदारी में नहीं हूं। मैं एमएलसी चुनाव नहीं लड़ूंगा। जब उनसे इस चुनाव को ना लड़ने की कोई खास वजह पूछी गई तो उन्होंने कहा कि कोई वजह नहीं है लेकिन कोई योजना भी नहीं है। अनिल अग्रवाल ने कहा कि राजनीति में सबके अपने-अपने लक्ष्य होते हैं और पार्टी का आदेश होता है। फिलहाल मुझे यही कहना है कि मुझे एमएलसी चुनाव में नहीं आना है। मेरा शिक्षक या स्नातक किसी भी एमएलसी सीट पर चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं है।

# दस मई हापुड़ रोड पर रहेगा कई घंटे डॉयवर्जन

## शाम को संभल कर निकलें

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार 10 मई को भारतीय जनता पार्टी के साथ ही कई सामाजिक संगठनों की ओर से एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम लगभग शाम 4 बजे से लेकर 7 के बीच तक जारी रहेगा। इस दौरान हापुड़ रोड पर रूट डॉयवर्जन रहेगा। इस मार्ग को कार्यक्रम के चलते वन-वे कर दिया जाएगा। साथ ही एक रास्ता पूरी तरीके के लिए कार्यक्रम में रिजर्व रखा जाएगा। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही इस पूरे मार्ग के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया जाएगा ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। आयोजनों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोगों को शाम 5 बजे से आमंत्रित किया गया है लेकिन कार्यक्रम की तैयारी का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो जाएगा और चार बजे से वहां लोगों के पहुंचने का अनुमान है। जिसके चलते शाम चार से सात बजे के बीच एक मार्ग पर यातायात बाधित रहेगा।




### हापुड़ चुंगी से हापुड़ मोड, मोहन नगर और नोएडा जाने वालों को हो सकती है परेशानी

**करंट क्राइम :** वैसे तो शनिवार का दिन है, यातायात का दबाव अत्यधिक नहीं होता है लेकिन शाम का समय होने की वजह से ट्रैफिक लोड बढ़ जाता है। जिस वजह से हापुड़ चुंगी से हापुड़ मोड, मोहन नगर और नोएडा जाने वाले लोगों को शाम के समय परेशानी हो सकती है और उनको अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए लंबे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ेगा। लोगों को परेशानी नहीं हो और जाम की स्थिति नहीं बने इसके लिए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा रूट डॉयवर्जन प्लान जारी किया जाएगा। साथ ही एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि कार्यक्रम स्थल व मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी ताकि लोगों को परेशान नहीं होना पड़े।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

## सुरक्षा और तैयारियों पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अलग-अलग मंत्रालयों के सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने सुरक्षा और ऑपरेशनल तैयारियों को लेकर सतर्कता बनाए रखने और स्पष्ट संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि देश इस संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, ऐसे में सतर्कता, संस्थागत समन्वय और साफ-साफ बातचीत जारी रखना आवश्यक है। साथ ही पीएम मोदी ने सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा, ऑपरेशनल तैयारियों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

**पीएमओ ने दी जानकारी :** मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बैठक में नागरिक रक्षा तंत्र को मजबूत करने, गलत जानकारी और फेक न्यूज का मुकाबला करने, और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। मंत्रालयों को राज्य अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ करीबी समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई।

**पीएम ने स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की ली समीक्षा :** बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने मंत्रालयों द्वारा वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए की जा रही योजनाओं और तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही सचिवों को अपने मंत्रालयों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया, आंतरिक संवाद प्रणालियों और तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बता दें कि बैठक में केंद्रीय सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण, ऊर्जा, स्वास्थ्य और दूरसंचार मंत्रालयों के सचिव भी मौजूद थे।

**ऑपरेशन सिंदूर के एक दिन बाद बैठक :** गौरतलब है कि पीएम मोदी ने यह बैठक भारतीय सेना के तरफ से पाकिस्तान और आतंकियों पर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के एक दिन बाद की है। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (ढङ्कड) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। इन ठिकानों में जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर मुख्यालय और लश्कर-ए-तैयबा का मुरिदके बेस शामिल था।

# बौखलाया पाक एलओसी पर 14 दिनों से तोड़ रहा सीजफायर

**नई दिल्ली।** भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान की बौखलाहट साफ नजर आ रही है। पाकिस्तान एलओसी से लगातार आम नागरिकों को निशाना बनाकर फायरिंग कर रहा है। गुरुवार को उसने 14वें दिन सीजफायर का उल्लंघन किया है। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी में 13 नागरिकों की मौत हो गई और कुल 59 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को दी। मंत्रालय ने बताया कि कुल घायलों में से 44 पुंछ के हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक की गोलीबारी हुई तेज :** सैन्य अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा के पास कई सेक्टरों में भारी गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना मजबूती से जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि 7 और 8 मई की

### अब तक 13 नागरिकों की मौत, 59 घायल



मध्य रात्रि में पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पार छोटे हथियारों और तोपों से फायरिंग की।

दरअसल, भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। वहीं कई दिनों से पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा था। भारत की कार्रवाई के बाद से पाकिस्तान ने एलओसी पर हमला तेज कर दिया है।

**सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल :** बढ़ते तनाव को देखते हुए स्थानियों को बंकरों में शरण लेना पड़ा। गोलीबारी की वजह से सीमावर्ती निवासियों में दहशत का माहौल है। अधिकारियों ने आदेश दिया है कि जम्मू क्षेत्र के पांच सीमावर्ती जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान गुरुवार को दूसरे दिन भी बंद रहेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर, एक नजर :** गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

# भारत ने मारे 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकी, 10 मिनट में चार मिसाइलें दागीं

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के जवाबी कार्रवाई के रूप में भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया है। वहीं इस ऑपरेशन के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक सर्वदलीय बैठक में बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान-आधिकारिक कश्मीर (पीओके) में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 100 आतंकियों की मौत हुई।

**सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा खौफनाक मंजर :** अब सैटेलाइट तस्वीरों से भारत के हमले से पाकिस्तान में हुई तबाही का मंजर दिखाई दिया है। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ है कि हमले में कई इमारतें तबाह हुई हैं। साथ ही सूत्रों की मानें तो भारतीय सेना की तरफ से की गई इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आंतकियों के ढेर होने की खबर सामने आ रही है। हालांकि ऑपरेशन अब भी जारी है, इसलिए मृतकों की सही संख्या बताना अभी संभव नहीं है।

मैक्सर टेक्नोलॉजी की सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रहा है कि भारतीय मिसाइलों ने पाकिस्तान के बहावलपुर में भारी तबाही मचाई। तस्वीरों में दिख रहा है कि भारत के हमले से पहले जो इमारतें दिखाईं दे रहीं थी, हमले के बाद वहां सिर्फ मलबे का ढेर दिखाई दे रहा है। एक अन्य तस्वीर में भी ऐसे ही इमारतों का मलबा दिखाई दे रहा है।

पाकिस्तान के शेखुपुरा जिले के एडिश्नल डिप्टी कमिश्नर उस्मान जलीस ने बताया कि 'मध्य रात्रि को भारत ने मुरीदके में दो मिसाइलें दागीं। इसके कुछ देर बाद फिर से दो मिसाइलें दागीं गईं। यह पूरा हमला 10 मिनट से भी कम समय में हुआ। इस हमले में चार इमारतें ध्वस्त हो गई हैं, जिनमें एक प्रशासनिक भवन, एक मस्जिद और दो रिहायशी इमारतें थीं।'

भारत द्वारा सबसे बड़ा हमला बहावलपुर में किया गया। बहावलपुर में ही जैश ए मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का ठिकाना है। दावा किया जा रहा है कि भारत के हमले में मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग मारे गए हैं। निर्दोष लोगों की हत्या का जिम्मेदार मसूद अजहर कथित तौर पर अपने परिजनों की मौत पर फूट-फूटकर रोया। मसूद अजहर इस हमले में बाल-बाल बच गया क्योंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ने उसे एबटाबाद में आईएसआई के सेफ हाउस में शिफ्ट कर दिया है।

### ऑपरेशन अभी भी जारी- राजनाथ सिंह



बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। इसलिए आतंकियों की संख्या का सटीक अनुमान लगाना कठिन है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह संवेदनशील समय है, और देश के हित में विस्तृत सवाल नहीं पूछे जाने चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया, तो भारत इसका माकूल जवाब देगा।

# बिहार में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज, बेटी का नाम रखा 'सिंदूरी'



**पटना।** भारत की ओर से पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर का शोर अब सोशल मीडिया से लेकर आम जनता के दिलों तक गूंज रहा है। हर ओर बस एक ही चर्चा है ऑपरेशन सिंदूर देश की इसी भावना से प्रेरित होकर कटिहार में एक अनोखा लम्हा देखने को मिला। एक शख्स ने अपनी नवजात बच्ची का नाम सिंदूरी रखा है।

कुसेर्ला के रहने वाले संतोष मंडल और राखी कुमारी ने अपनी बेटी का नाम सिंदूरी रखा है। वजह जिस दिन ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। उसी दिन उनके घर लक्ष्मी ने जन्म लिया। परिवार को यह पल इतना खास लगा कि उन्होंने इस ऐतिहासिक दिन को बेटी के नाम से जोड़ दिया। सिंदूरी के पिता संतोष मंडल कहते हैं कि हमारी बेटी देश की जीत के दिन आई, इसलिए हमने उसका नाम सिंदूरी रखा है, यह हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है।

नाना कुंदन मंडल कहते हैं कि एक तरफ पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की जीत और उसी दिन बेटी का जन्म दोनों ही उनके लिए गौरव का विषय है। नाना कहते हैं कि बड़े होकर सिंदूरी को सेना में भेजेंगे।

मामी सिंपल देवी कहती है कि हमारी सिंदूरी अब सिर्फ हमारी नहीं पूरे इलाके की शान बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर के साथ अब सिर्फ सुना ही नहीं आम भारतीय भी खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह लम्हा सिर्फ एक नामकरण नहीं, देशभक्त और भावनात्मक जुड़ाव की एक मिसाल बन गया है। देशभक्ति के इस रंग में रंगी सिंदूरी अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है।

# पंजाब में हाई अलर्ट : गुरदासपुर में रोजाना आठ घंटे रहेगा ब्लैक आउट

**गुरदासपुर।** भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला का बदला ऑपरेशन सिंदूर से लिया है। भारत की इस कार्रवाई से पड़ोसी मुल्क बौखलाया हुआ है। ऐसे में पंजाब में अब हाई अलर्ट है। पंजाब के सीमावर्ती जिला गुरदासपुर में रोजाना रात को ब्लैक आउट रहेगा।

गुरदासपुर जिले में अगले आदेश तक रात 9 बजे से अगले दिन सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट लागू रहेगा। पूरा जिला रात को अंधेरे में डूबा रहेगा। गुरदासपुर पाकिस्तान बॉर्डर के सटा हुआ है।

यह आदेश भारत-पाक सीमा पर संवेदनशील माहौल के कारण भारत सरकार और पंजाब सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार सिविल डिफेंस एक्ट 1968 के तहत आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गुरदासपुर की तरफ से जारी किया गया है।

यह आदेश केंद्रीय जेल गुरदासपुर और अस्पतालों पर लागू नहीं होगा। हालांकि, इन विभागों को यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्रीय जेल गुरदासपुर और अस्पतालों की खिड़कियां प्रतिदिन रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद रहें और उन्हें अच्छी तरह से ढका जाए ताकि कोई भी रोशनी बाहर न निकल सके।



### बुधवार देर रात हुए थे चार धमाके

अमृतसर में बुधवार देर रात करीब 1:15 बजे गांव जेठवाल, दुधला, माखनविंदी और पंधेर में रॉकेट गिरे हैं। एसएसपी देहाती मनिंदर सिंह ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात को एक-एक करके करीब चार धमाकों की आवाज लोगों ने सुनी थी। इससे पूरे जिले में दहशत का माहौल बन गया। जिला प्रशासन की ओर से पूरे जिले की बिजली बंद कर ब्लैकआउट कर दिया गया। बरामद किए गए रॉकेट के बारे में एक्सपर्ट का कहना है कि हो सकता है पाकिस्तान की ओर से रॉकेट लॉन्च किए गए हो, लेकिन भारतीय वायु सेना ने इन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। इसके बाद उनके अवशेष विभिन्न गांव के खेतों में गिरे हैं। वहीं गांव के कुछ लोगों का कहना है कि उन्होंने देर रात को धमाकों की आवाज सुनी और आसमान से रॉकेट अपने गांव के खेतों में गिरते हुए देखे थे। फिलहाल भारतीय सेना और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

# शहबाज शरीफ बुजदिल हैं... भारत के हमले के बाद अपने ही पीएम पर भड़के पाकिस्तानी, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली।** बुधवार रात 10 बजे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देशवासियों को संबोधित किया, तो उनका आत्मविश्वास हिला हुआ था। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का संबोधन उसी सुबह तड़के भारत के हमले के बारे में था, जिसमें भारतीय बलों ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिला दिया था।



शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में 'पाकिस्तानियों के खून का बदला' लेने की कसम खाई, लेकिन इस दौरान उनके चेहरे पर भारत के हमले का खौफ साफ झलक रहा था। अब पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की जमकर खिंचाई हो रही है।

**शहबाज शरीफ के बयान पर भड़के पाकिस्तानी :** शहबाज शरीफ ने कहा कि भारत को इन हमलों की कीमत चुकानी पड़ेगी। 26 लोग शहीद हो गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। हम पाकिस्तानी खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। शहबाज शरीफ ने भारत पर जवाबी कार्रवाई करने की कसम तो खाई लेकिन उनके बयान से पाकिस्तानी ही खुश नजर नहीं आ रहे हैं। पाकिस्तान में लोग उनकी कमजोर बॉडी लैंग्वेज और आत्मविश्वास से खाली संबोधन के लिए आलोचना कर रहे हैं।

**शहबाज का अपने ही देश में बना मजाक :** एक पाकिस्तानी यूजर ने एक्स पर पोस्ट किया, पीएम शहबाज आत्मविश्वास रहित और कमजोर दिख रहे हैं, यह अच्छा नहीं लग रहा है। बस इतना ही कह रहा हूं। एक दूसरे पाकिस्तानी ने मजाक उड़ाया और कहा, शहबाज अंकल प्लीज डबल स्पीड से बोलना शुरू कीजिए और हर बात पर भाषण नहीं सुनाना होता, पॉइंट पर आओ।

# भारत के 15 शहरों को दहलाने की पाकिस्तान की कोशिश को भारतीय शूरवीरों ने किया नाकाम

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सेना के एक अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने बुधवार रात उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। लेकिन सुरक्षा बलों ने सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया।इसके जवाब में कार्रवाई करते हुए भारत ने पाकिस्तान के कई शहरों में एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। इस कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तान का पूरा एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से नष्ट हो गया है।

भारत ने इसकी चेतावनी बुधवार को ही दे दी थी। प्रेस ब्रीफ्रिंग के दौरान कहा था कि अगर पाकिस्तान ने उकसावे की कार्रवाई की तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आइए जानते हैं कि



घटनाक्रम कैसे आगे बढ़ा।

उत्तरी और पश्चिमी भारत में सैन्य ठिकानों पर हमले की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को हवाई रक्षा प्रणालियों ने नाकाम कर दिया।पाकिस्तान की सेना ने आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़ सहित अन्य स्थानों पर सैन्य ठिकानों पर हमले का प्रयास किया। इन हमलों को विफल कर दिया गया।पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइलों से श्रीनगर, अवंतीपुरा, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर,कपूरथला, जलंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरालाई, और भुज में सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की ओर से छोड़ी गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबों को जमा किया जा रहा है, जिससे दुनिया को यह दिखाया जा सके कि वह किस तरह के हमलों में शामिल है।भारतीय वायुसेना ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान के कई शहरों में एयर डिफेंस रडार एंड सिस्टम को निशाना बनाया।

# नारी सशक्तीकरण का प्रतीक भारत की महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी

## अफ्रीका में 72 घंटे के ऑपरेशन में दिखाई बहादुरी, कंपनी कमांडर भी कर्नल सोफिया के हुए मुरीद

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी चर्चा में हैं। कर्नल सोफिया ने एक सैनिक के रूप में किन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम किया है, उन्होंने खुद एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी थी। सोफिया ने बताया था कि कई देशों को मिलाकर बनाई गई एक सैन्य टुकड़ी ने पूर्वी अफ्रीका में 72 घंटे के चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। इस दौरान नागरिकों की जान बचाना पूरी टुकड़ी की जिम्मेदारी थी।

एक चैनल से बात करते हुए कर्नल कुरैशी ने नारी सशक्तीकरण पर बेबाकी से बात की थी। उन्होंने कहा, योद्धाओं के परिवार से होने के कारण बहादुरी उनके जीन में है। सेना से जुड़ना उनका सपना था। भारतीय सेना सर्वश्रेष्ठ संस्था है, जिसका हिस्सा बनना सौभाग्य है। यहां आने के बाद चुनौतियों को मात देने का मौका मिलता है। देश की सेवा करने पर गर्व की अनुभूति होती है।

लेफ्टिनेंट के रूप में सेना से जुड़ने के बाद कर्नल सोफिया ने ऑपरेशन पराक्रम से जुड़ी एक बात को भी याद किया। उन्होंने बताया, 'जब मैं डिविजन में थी उस समय उनके कंपनी कमांडर ने कहा था कि, सोफिया अगर आप सैल्यूट चाहती हैं तो आपको इसे कमाना होगा। गंभीरता से काम करना होगा।' अगस्त 2023 के इस कार्यक्रम में सोफिया ने कहा, आज पीछे मुड़कर देखने पर एहसास होता है कि उन्होंने सेना में अपनी सेवा और मेहनत की बदौलत सैल्यूट अर्जित किया है। सोफिया ने कहा कि उन्हें अच्छे मेंटर मिले, जिनके मार्गदर्शन में काम करने के कारण उन्हें ऑपरेशन पराक्रम में कमेंडेशन कार्ड भी मिला।

बतौर सैनिक किन कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? इसका जवाब देते हुए कर्नल सोफिया ने अफ्रीकी देश कांगो के एक अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, भारतीय सेना यूएन में सैनिकों को भेजने के मामले में अग्रणी रही है। वे महिला अधिकारियों के दूसरे बैच में थीं। उन्हें ऐतिहासिक राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक ऑपरेशन में शामिल होने का सौभाग्य मिला।

सोफिया ने कहा, स्वीडन, ट्यूनिशिया, उरुग्वे जैसे देशों के सैनिकों के साथ मिलकर बनी सैन्य टुकड़ी को कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन चलाना था। भारत इसका नेतृत्व कर रहा था। हमने लगभग 72 घंटे का ऑपरेशन सफलता पूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन खत्म होने के बाद कंपनी कमांडर ने उनके बारे में जिज्ञासा प्रकट की। उन्होंने पूछा कि भारतीय सेना की वो महिला अधिकारी कौन है? ये सुनने के बाद उन्हें गर्व का एहसास हुआ। लोगों ने भारतीय सेना को जाना, सोफिया कुरैशी को नहीं।

उन्हें अरएअठ देशों की सैन्य टुकड़ी की अगुवाई करने का भी अवसर मिला। 22 देशों में वे एकमात्र महिला सैन्य अधिकारी थी। पूर्वोत्तर भारत में पोस्टिंग के समय भी उन्हें कई अहम अवसर मिले। उन्हें महिलाओं की पहली मिलिट्री पुलिस की मेंटरशिप और ट्रेनिंग में शामिल होने का भी मौका मिला। वे महिला सैनिकों की यूनिट को कमांड कर रही हैं। पहली लंबी सेवा के बाद आज वे लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। इसका फख्र है। महिला सैनिकों के पहले बैच से होने के कारण गर्व की अनुभूति होती है।

**कहां से एक बार फिर सुर्खियों में आई कर्नल सोफिया :** बता दें कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन नौ पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला किया, बुधवार को उसकी आधिकारिक तस्वीरें जारी की गई। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना की महिला अधिकारियों- विंग कमांडर व्योमिका और कर्नल सोफिया ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीओजेके में पांच आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए हैं, जबकि चार आतंकी ठिकाने ऐसे हैं जो पाकिस्तानी सीमा के भीतर हैं। खास बात ये है कि मुरीदके में लश्कर के मुख्यालय- मरकज-तैय्यबा पर एक के बाद एक चार मिसाइलें दागी गईं। इसी संवेदनशील प्रस्तुति के बाद से कर्नल सोफिया लगातार चर्चा में हैं।

**योद्धाओं के परिवार से होने के कारण बहादुरी मेरे जीन में है। सेना से जुड़ना मेरा सपना था। भारतीय सेना सर्वश्रेष्ठ संस्था है, जिसका हिस्सा बनना मेरा सौभाग्य है। यहां आने के बाद चुनौतियों को मात देने का मौका मिलता है। देश की सेवा करने पर गर्व की अनुभूति होती है।**

-कर्नल कुरैशी



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 09 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 10 मई को एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में भारत माता सांस्कृतिक संस्थान करेगा भव्य आयोजन

## 25 स्थानों पर होगा भव्य स्वागत और ठाकुरद्वारा तिराहे से लेकर सेठ मुकंद लाल तक तिरंगा लहराएगा



■ भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह होंगे मुख्य अतिथि। ■ सिविल डिफेंस भी करेगा पूरा सहयोग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में जन जागरण यात्रा एवं भारत माता महाआरती का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। इसको लेकर गुरुवार को नवयुग मार्केट के एक होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी दी गई है कि भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में विशाल जन जागरण यात्रा और भारत माता आरती का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का मकसद देश में एक राष्ट्र-एक चुनाव कराने के साथ ही बीते दिनों भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए फैसले के स्वागत में कई सांस्कृतिक एवं देशभक्ति वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया है कि ठाकुरद्वारा से लेकर सेठ मुकुंद लाल कट तक बड़ा तिरंगा फहराया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, वहीं कार्यक्रम को देशभक्ति और सांस्कृतिक रंग से जोड़ने के लिए रॉक बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं अलग-अलग स्टेज बनाए जाएंगे। इसके जरिए एकता अखंडता और भारत के विजयी प्रदर्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में कई अन्य संस्थाओं का भी योगदान देखने को मिलेगा। इसमें मुख्य रूप से सिविल डिफेंस की ओर से पाकिस्तान पर महत्वपूर्ण कदम उठाने वाली दोनों महिला सैन्य अधिकारियों के बड़े-बड़े पोस्टर और उनके सम्मान में महिलाओं का एक अलग से स्टेज बनाया जाएगा। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लोगों को जागरूकता करने के साथ ही अनेकता में एकता संदेश देने वाली झांकियां भी प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के साथ ही स्थानीय लोगों को शामिल किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इस जन जागरण यात्रा का शुभारंभ करेंगे।





### बनाया जा सकता है कोई नया रिकॉर्ड

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव कार्यक्रम और इसे बीते दिनों पाकिस्तान हमले में भारत की विजय का संदेश देने के लिए एक साथ किया जा रहा है। यहां भारत माता महाआरती का आयोजन होगा। जिसमें बड़ा तिरंगा भी लहराया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की कोशिश है कि इस कार्यक्रम में कोई ऐसा रिकॉर्ड बनाया जाए जो किसी वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर हो ताकि पूरे देश के लिए गाजियाबाद से एक संदेश दिया जा सके। कार्यक्रम के समन्वयक सरदार एसपी सिंह, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, भारत माता सांस्कृतिक संस्थान से सचिन सिंघल, बॉबी त्यागी, समन्वयक अभिनव जैन, मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी, निगम उपाध्यक्ष पार्षद राजीव शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लोगों को बताया जाएगा महत्व और दिया जाएगा देश भक्ति का संदेश

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि इस कार्यक्रम का मकसद लोगों को एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जागरूक करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में एक चुनाव में बड़ी संख्या में धनराशि खर्च होती है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होने से खर्च कम होगा और खर्चा देश के विकास के काम आएगा। इसके साथ ही जानकारी दी गई है कि 25 स्थानों पर जो स्टाल लगाए जाएंगे। उसमें गुरुकुल के सनातनी छात्रों के साथ ही पुरोहितों द्वारा शंखनाद ढोल नगाड़े और घंटा घड़ियाल के साथ ही इस पूरे कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होगा और समापन अवसर पर प्रसाद एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।



### अनेकता में एकता का संदेश देगी विविध झांकियां

**करंट क्राइम :** सिविल डिफेंस के चीफ वॉर्डन ललित जायसवाल ने कहा है की यात्रा मार्ग में विविध सांस्कृतिक झाड़कियों के माध्यम से अनेकता में एकता की झलक प्रस्तुत की जाएगी। यात्रा ठाकुर द्वारा तिराहे से प्रारंभ होकर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा, सेठ मुकंद लाल इंटर कॉलेज मार्केट होते हुए दुर्गा भाभी चौक बाये मुढ़ते हुए शहीद स्थल पर समाप्त होगी। समापन अवसर पर सुसज्जित मंच और महा आरती और जन संदेश का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में 25 स्थानों पर स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। जिसे सिविल डिफेंस भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगी। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के सचिन सिंघल भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### आयोजन रहेगा भव्य और भाजपा वाले रहेंगे मुस्तैद

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी, संगठन, कार्यकर्ताओं और अन्य सहयोगियों की कोशिश है कि इस कार्यक्रम के जरिये नेवर बिफोर वाला संदेश दिया जाए। उन्होंने बताया है कि इस कार्यक्रम में सड़क के दोनों तरफ महिला सैन्य अधिकारियों को समर्पित पोस्टर लगाए जाएंगे। साथ ही पूरे मार्ग पर तिरंगा थीम प्रस्तुत की जाएगी। तो वहीं रॉक बैंड के माध्यम से देशभक्ति गीत भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम में सड़क का एक मार्ग बंद रखा जाएगा और बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# जल्द आधुनिक बिल्डिंग में शिफ्ट होगा खोड़ा थाना

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने किया निरीक्षण

### साथ ही थाने के निरीक्षण में जाना कार्यशैली का हाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने गुरुवार की शाम खोड़ा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पुलिस कर्मियों से कार्यालय का हाल जाना, तो सीसीटीएनएस और महिला हेल्प डेस्क के साथ ही अभिलेख चेक किए हैं। वही खोड़ा थाने की जो नई बिल्डिंग बनकर तैयार हुई है, उसमें जल्द ही पुराने थाने को शिफ्ट करने को लेकर आवश्यक कार्यों के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

बताया जा रहा है कि खोड़ा में जो नया आधुनिक थाना बनाया जा रहा है, वह प्रदेश के बेहद आधुनिक थानों में से एक है। यह बहुमा जिला बिल्डिंग के साथ ही पूरी बिल्डिंग को कॉरपोरेट लुक देते हुए सेंट्रली एसी वाला बनाया जा रहा है।

साथ ही यहां पुलिस कर्मियों के लिए साफ-सुथरे कक्ष, कार्यालय और आगंतुओं के लिए भवन निर्माण का कार्य भी चल रहा है। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही खोड़ा थाने को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### पुलिसकर्मियों की कार्यशैली और बीट पुलिस ऑफिसर प्रणाली बने बेस्ट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने खोड़ा के नए थाने की बिल्डिंग का निरीक्षण किया है। तो वही पुलिसकर्मियों को अपने व्यवहार में नरमी लाने के निर्देश देने के साथ ही बीट पुलिस ऑफिसर प्रणाली को मजबूती से अनुपालन करने का निर्देश दिया है। इस दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, खोड़ा थाना प्रभारी आनंद मिश्रा और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने खोड़ा थाने के कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क अभिलेखों को भी चेक किया है। साथ ही किस प्रकार से जनसुनवाई को और बेहतर बनाया जाए इसका निर्देश भी दिया गया है।

# महानगर के कौन से प्रमुख स्कूल में नहीं चल रहा है सीन बिल्कुल कूल

## करोड़ों के घपले की चर्चा और मामला पकड़ेगा जल्द ही तूल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्कूल शिक्षा का मंदिर होते हैं और मंदिर हो या स्कूल सभी के लिये आर्थिक व्यवस्था जरूरी है। महानगर का एक स्कूल इन दिनों चर्चा में है और ये चर्चा बड़े गलियारों में है। इस स्कूल में मामला इंटरनली कूल नहीं चल रहा है। स्कूल में विद्या है, विद्या का मंदिर है और मंदिर में विद्या है, लेकिन बताया ये जाता है कि यहां लड़ाई अब प्रबंधक वाली कुर्सी को लेकर चल रही है और जैसे-जैसे यहां चुनाव की बेला आएगी, वैसे-वैसे करोड़ों के घपले का खेला सामने आ जाएगा।

सूत्र बताते हैं कि ये स्कूल ऐसा है कि यहां हर कोई मैनेजर बनना चाहता है। सूत्र बता रहे हैं कि स्कूल के चुनाव की डेट आ रही है और ये डेट अब धीरे-धीरे सीन को अपसेट कर रही है। जबकि इस मामले में अपडेट भारी गड़बड़ी वाली बताई जाती है।

सूत्र बताते हैं कि जब खर्चे वाली डायरी खुलेगी तो चर्चे दूर तक जाएंगे। करोड़ों की हेरा-फेरी का मामला सामने आ सकता है। इस स्कूल से कई प्रतिष्ठित चेहरें जुड़े हैं। बताया ये भी जाता है कि यहां मैनेजर वाली कुर्सी तक पहुंचने के लिये सात वोट ही आपको सपोर्ट कर देंगी। दरअसल 13 वोटरों के हाथ में मामला है। पांच वोटर ठाकुर जी की कृपा से आएंगे और आठ मतदाता स्कूल वाले रास्ते से आएंगे। इस तरह से 13 वाले सीन में सात वाला मामला है। जिसके पास सात वोट का इंतजाम हो जाएगा वो ही स्कूल वाली कमेटी का मैनेजर वाला निजाम हो जाएगा।

स्कूल में सीन कूल नहीं है। ये शहर का प्रमुख स्कूल है और यहां अंदरखाने घमासान मच गया है। मामला बड़े फाइनेंसियल घपले से जुड़ा बताया जा रहा है और यहां चुनाव की राहें आसान नहीं मानी जा रही है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ मंच पर ललित जायसवाल का नजर आना

## ये है फ्यूचर का पॉलिटिकल संदेश या है नई सियासत का तराना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 10 मई को भाजपा ह्यवन नेशन-वन इलेक्शनह्व कार्यक्रम के तहत एक यात्रा निकालेगी। इस यात्रा की तैयारी की जानकारी देने के लिये भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने एक प्रैसकांफ्रेंस बुलाई। प्रैसकांफ्रेंस के मंच पर लगा बैनर ये बता रहा था कि यह कार्यक्रम राजनीतिक नहीं है। ये अलग बात है कि मंच पर भाजपा के ही नेता थे। मंच पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल थे, मंच पर क्षेत्रीय भाजपा पार्षद राजीव शर्मा थे, मंच पर सरदार एसपी सिंह थे, मंच पर निगम पार्षद अनिभव जैन भी थे, लेकिन मंच का बैनर बता रहा था कि वह भारतीय सांस्कृतिक संघ की ओर से बुलाई गई प्रैसवार्ता है।



एक राष्ट्र-एक चुनाव की जानकारी देने के लिये यहां भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के सचिन सिंघल भी मौजूद थे। सबसे खास बात ये है कि वन नेशन-वन इलेक्शन वाले मंच पर पॉलिटिकल और गैर पॉलिटिकल का कांबिनेशन भी नजर आया। यहां मंच पर जो बात सब नोटिस कर रहे थे वो ये थी कि इस मंच पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी मौजूद थे। हालांकि एक नजरिये से ये एक सामान्य बात है, क्योंकि मंच का बैनर बता रहा है कि यह गैर राजनीतिक है और सांस्कृतिक संघ इसका आयोजक है। तो ऐसे में जब बात सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की है तो यहां ललित जायसवाल हो सकते हैं। क्योंकि वो सामाजिक -सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हमेशा जुड़कर चलते हैं। वो हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वो आयोजक रहते हैं। वो कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हैं तो धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता रहती है। राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ काम करते हैं। मतदाता जागरूकता अभियान से लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उनकी भागीदारी रहती है, तो यह एक सामान्य बात है। लेकिन जो राजनीति को थोड़ा बहुत भी समझते हैं तो वो अगर पुरानी घटनाओं को जोड़ें और इस कांबिनेशन को जोड़े तो राजनीति का नया तराना अभी से परिलक्षित हो रहा है। क्योंकि ललित जायसवाल इससे पहले किसी भी महानगर अध्यक्ष के साथ मंच साझा करते नहीं दिखाई दिये हैं और अब जब वो भाजपा के महानगर अध्यक्ष के साथ मंच पर नजर आए हैं तो इसे आने वाले समय का पॉलिटिकल मंच माना जा रहा है। भले ही कार्यक्रम अर्द्धराजनीतिक रूप में दिख रहा है, लेकिन यहां चीफ वार्डन ललित जायसवाल की सिटिंग एक संदेश दे रही है। चर्चा यही है कि जबसे मयंक गोयल भाजपा के महानगर अध्यक्ष बने हैं तब से ललित जायसवाल शोल्डर टू शोल्डर उनके हर अभियान में एक सहयोग वाले होल्डर के रूप में हैं। इसे ललित जायसवाल का पॉलिटिकल अवतार भी माना जा रहा है।

### खत्म होगा सांप-सीढ़ी का खेल, तो क्या अब वो नहीं होंगे फेल

**करंट क्राइम।** राजनीति के जानकार छोटी-छोटी घटनाओं से आने वाले समय के बड़े विश्लेषण निकालते हैं। जब ललित जायसवाल मंच पर दिखाई दिये तो वन नेशन-वन इलेक्शन वाले कार्यक्रम को अब सियासी इमोशन और आने वाले इलेक्शन से कनेक्ट करके देखा जा रहा है। ललित जायसवाल के खास ने ही यहां अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस किया कि इनके साथ हमेशा सांप-सीढ़ी का गेम रहा। 98 तक तो पहुंच जाते हैं, लेकिन 99 पर आकर गोटी नीचे आ जाती है। इस बात को पुरानी दावेदारी से जोड़ा गया और बताया गया कि ललित जायसवाल सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं और जब-जब उन्होंने दावेदारी की तब-तब चीफ वार्डन वाले पद को सरकारी कृपा वाला बताकर उनकी दावेदारी कमजोर कर दी गई। अब वो नए अवतार में हैं। यहां मयंक गोयल के साथ वो खुलकर आ रहे हैं और माना ये जा रहा है कि यहां वो भाजपा के किसी बड़े चेहरे को संदेश दे रहे हैं। वो अपना स्टेंड स्पष्ट कर रहे हैं और 2027 वाली चुनावी बेला में अभी से तैयारी है। विधानसभा चुनाव भी आने हैं, विधान परिषद चुनाव भी आने हैं और ललित जायसवाल ने जिस तरह से स्टेंड लिया है उससे उनके समर्थक भी खुश हैं। कहने वाले यही कह रहे हैं कि अगर उन्होंने पहले ही इस तरह की ट्यूनिंग सेट की होती तो कई चीजें मिल गई होती। जो चेहरे उनके सामने ही सामने जनप्रतिनिधि हैं, उन जनप्रतिनिधियों वाली लिस्ट में ललित जायसवाल का भी नाम आता, लेकिन समर्थक अब ये मान रहे हैं कि गेम 99 पर नहीं बिगड़ेगा और भविष्य में ये कांबिनेशन बड़े संदेश देगा।

# जनता को हाउस टैक्स की मार से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी: सुरेंद्र मुन्नी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी बढ़े हुए हाउस टैक्स के मुद्दे पर मुखर हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से लेकर पूर्व जनप्रतिनिधियों तक यह सबकी जिम्मेदारी है कि वो जनता को राहत दिलाने का काम करें। अगर, सरकार के अफसरों के फैसले से जनता को परेशानी हो रही है तो जनप्रतिनिधि जनता के साथ खड़े हों। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध किया और उन्होंने कहा कि जनता को करों की मार से बचाना हमारा काम है। जनता पर यह बोझ नहीं पड़ने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सबको एक साथ मिलकर बोलना होगा।

पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने कहा कि नगर निगम के जो पूर्व पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध कर रहे हैं मैं उनका समर्थन करता हूं। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने कहा कि चाहे वो अनिल स्वामी, चाहे वाहे राजेंद्र त्यागी हो, हिमांशु मित्तल हों ये सभी नगर निगम में जनता की आवाज रहे हैं। अगर, ये लोग हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे हैं तो इनकी आवाज को गंभीरता से सुनना होगा। वो जो सुझाव दे रहे हैं उस पर गंभीरता से विचार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये तीनों ही पूर्व पार्षद नगर निगम के एक्ट के जानकार हैं। उन्हें नगर निगम के मुद्दों का गहन अनुभव है।

पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने कहा कि शहर की जनता को करों के बोझ से बचाना, शहर की सियासत वालों की जिम्मेदारी है। हम जनसेवक हैं, हमारा पूरा जीवन जनता की सेवा के लिये समर्पित है। हम पक्ष में रहें या विपक्ष में रहें लेकिन जनता को कष्ट में नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से लगाए गए हाउस टैक्स का विरोध होगा। जनता सर्वोपरि है और जनता के लिये अगर सड़कों पर भी आना पड़ा तो आएंगे।

## संपादकीय

# करारा जवाब

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं चाहता, पर जवाब देने को तैयार है। सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने तबाह किए।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में फल–फूल रहे आतंकवाद को सधा और करारा जवाब दिया है। भारतीय कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर–उकसावे वाली थी। इसमें भारतीय फौज ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर यह संदेश दिया है कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर कोई उसकी तरफ आंख उठाकर देखेगा तो उसे जवाब देने से भी नहीं हिचकेगा।

आतंकी कैंप तबाह : भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में कुल नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इन जगहों का इस्तेमाल लश्कर–ए–तैयबा और दूसरे आतंकी संगठन कर रहे थे। यहीं पर आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी गई, जिन्होंने भारत में कई कायराना वारदातों को अंजाम दिया। पाकिस्तान को बार–बार इनके बारे में जानकारी दी गई, लेकिन कोई कदम उठाने के बजाय वह इनकी मौजूदगी को ही नकारता रहा। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपीलों पर भी ध्यान नहीं दिया बल्कि अब तो यह भी साफ है कि भारत पर और हमले करने की साजिश रची जा रही थी। सबसे बड़ी कार्रवाई 2016 और 2019 में भी भारतीय फौज ने आतंकवादी हमलों के जवाब में क्रमश: सर्जिकल स्ट्राइक और टेरर लॉन्च पैड को निशाना बनाया था। ऑपरेशन सिंदूर 2019 की कार्रवाई से कहीं बड़ी है। इसमें बड़े इलाके में फैले आतंकी इन्फ्रा को टारगेट किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर अंदर थे। खराब रेकॉर्ड पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से में था। उनका मकसद भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। इसे लेकर कश्मीर सहित देश भर में आक्रोश था और भारत की तरफ से जवाब भी लाजिमी था। दरअसल, पड़ोसी देश की दिलचस्पी इन आतंकवादियों को सजा दिलाने में भारत की मदद करने की नहीं थी। सचाई तो यही है कि बरसों से वह आतंक को प्रश्रय देता आया है और उसकी खुफिया एजेंसी की शह पर भारत में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया गया। गलती नहीं सुधारी ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना ने हर लक्ष्य का चयन विश्वसनीय इंटेलिजेंस सूचनाओं के आधार पर किया। पहलगाम के 15 दिनों बाद जवाब दिया गया यानी पाकिस्तान को अपनी गलती सुधारने और अपनी जमीन पर पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का पूरा मौका दिया गया। युद्ध की धमकी पाकिस्तान ने भारतीय कार्रवाई को एक्ट ऑफ वॉर बताया है और कहा है कि उसे जवाब देने का अधिकार है। उसकी तरफ से झूठे प्रचार का युद्ध शुरू हो चुका है। उसकी मंशा संघर्ष बढ़ाने वाली लगती है। लेकिन पाकिस्तान का हित इसी में है कि वह भारत के साथ लड़ाई न बढ़ाए। आखिर, भारत ने भी यही संकेत दिया है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वापस लिया ऑपरेशन सिंदूर को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने का आवेदन

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने के लिए दायर आवेदन को वापस लिया है। कंपनी ने कहा कि इसे एक जूनियर कर्मचारी ने अनजाने में दाखिल किया था। कंपनी ने स्पष्ट किया कि यह कदम बिना अनुमति के उठाया गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने के लिए दायर आवेदन को वापस ले लिया है। कंपनी ने कहा कि यह आवेदन अनजाने में एक जूनियर व्यक्ति की ओर से दायर किया गया था।



### भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ध्वस्त किए आतंकी ठिकाने

बता दें कि भारत ने दक्षिण कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। इस सैन्य अभियान के तहत भारतीय सेना पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया। इसमें संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादी मसूद अजहर और मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड हाफिज सईद के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की बड़ी उपलब्धिः रिलायंस इंडस्ट्रीज

रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जिओ स्टूडियोज ने अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है, जिसे एक जूनियर कर्मचारी ने बिना अनुमति के गलती से दाखिल किया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इसके सभी हितधारक ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व महसूस करते हैं, जो पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों की एक बड़ी उपलब्धि है, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत के संघर्ष का प्रतीक है। बयान में कहा गया, रिलायंस पूरी तरह से अपनी सरकार और सशस्त्र बलों के साथ आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में खड़ा है। हमारी 'भारत पहले' (इंडिया फर्स्ट) के प्रति अटूट प्रतिबद्धता बनी हुई है।

### पहलगाम में की गई थी 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों को नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी। इसमें अधिकांश पर्यटक शामिल शामिल थे। मृतकों में एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। लोगों के धर्म की पहचान करके उनकी हत्या कर दी गई थी।

# सब्जियों के भाव घटने से घर में पकाई जाने वाली शाकाहारी थाली 4% सस्ती

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में टमाटर की कीमतें 34 फीसदी घट गई हैं। आलू के भाव 11 फीसदी और प्याज के भाव 6 फीसदी घटे हैं। हालांकि, खाद्य तेलों के दाम में 19 फीसदी और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में छह फीसदी की तेजी ने थाली की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट से घर में पकाई जाने वाली शाकाहारी थाली सालाना आधार पर अप्रैल में चार फीसदी सस्ती होकर 26.3 रुपये पर आ गई है। मासिक आधार पर इसमें एक फीसदी की कमी आई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में टमाटर की कीमतें 34 फीसदी घट गई हैं। आलू के भाव 11 फीसदी और प्याज के भाव 6 फीसदी घटे हैं। हालांकि, खाद्य तेलों के दाम में 19 फीसदी और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में छह फीसदी की तेजी ने थाली की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया।



### मांसाहारी थाली का भाव 53.9 रुपये

रिपोर्ट के अनुसार, मांसाहारी थाली सालाना आधार पर चार फीसदी और मासिक आधार पर दो फीसदी सस्ती होकर 53.9 रुपये पर आ गई है। चिकन और सब्जियों की कीमतों में गिरावट का असर मांसाहारी थाली पर दिखा है। मांसाहारी थाली में 50 फीसदी लागत अकेले चिकन की होती है। जबकि प्याज भी लागत में बहुत योगदान करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य तेलों की कीमतें अगले दो से तीन महीने में कम होने लगेंगी।

# 2.23 लाख करोड़ के आईपीओ कतार में, 74 कंपनियां मंजूरी के इंतजार में

## फिर से कंपनियों को करना होगा आवेदन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ और देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारतीय आईपीओ बाजार करीब छह माह से सुस्त पड़ा हुआ है। अब कंपनियां बाजार में उतरने के लिए स्थितियां सही होने का इंतजार कर रही हैं। कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये के आईपीओ कतार में हैं। इनमें से 1.04 लाख करोड़ रुपये के इश्यू को सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 1.19 लाख करोड़ रुपये के लिए कंपनियों ने मसौदा जमा कराया है। प्राइम डाटाबेस के आंकड़ों के मुताबिक, 63 कंपनियों को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। 74 कंपनियां अब भी सेबी से मंजूरी के इंतजार में हैं। यह सभी कंपनियां शेयर बाजार में उतर जाती हैं तो 2.23 लाख करोड़ रुपये जुटा लेंगी। इससे बड़ा फायदा यह होगा कि हमारे शेयर बाजार का पूंजीकरण बढ़ेगा। निवेशकों को अलग–अलग सेक्टर की कंपनियों में निवेश का मौका मिलेगा। प्राइम डेटाबेस के अनुसार, भारत पिछले साल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ बाजार था। इस साल अब तक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध आईपीओ में 58 प्रतिशत की गिरावट आई है।





### फिर से कंपनियों को करना होगा आवेदन

विश्लेषकों के मुताबिक, जिन कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल चुकी है और अगर वे अगले कुछ महीनों में बाजार में नहीं आती हैं तो मंजूरी खत्म हो जाएगी। ऐसे में उनको नए सिरे से आवेदन करना होगा।

वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए इस समय केवल चुनिंदा संस्थागत निवेशक ही निवेश को तैयार हैं। यह रुझान इस बात का संकेत है कि वैश्विक व्यापार युद्ध और देशों के बीच तनावों ने आर्थिक दृष्टिकोण को धुंधला कर दिया है। दो अप्रैल से निफ्टी–50 में 4.8 फीसदी की तेजी आई है। हालांकि, सितंबर के अंत में रिकॉर्ड ऊंचाई से अभी भी 7 फीसदी नीचे है।

### दुनिया में भारतीय आईपीओ बाजार सबसे बेहतर

भारतीय आईपीओ बाजार हाल के समय में दुनिया में बेहतर रहा है। खासकर कोरोना के बाद नए निवेशकों ने अच्छा खासा पैसा लगाया है। 2025 के अब तक के चार महीने में भले ही इश्यू लाने की रफ्तार कम हो गई हो, पर इससे पहले हर साल कंपनियां सूचीबद्धता में तेजी दिखाई हैं।

# भारत-यूके एफटीए से व्यापार को मिलेगी रफ्तार, फेड के ब्याज दरों में बदलाव नहीं, एशियाई बाजार में हलचल

**नई दिल्ली।** भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच होने वाला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक नई वैश्विक व्यापार रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह समझौता चीन पर निर्भरता कम करने, अमेरिका के टैक्स संबंधी व्यापारिक दबाव को संभालने और ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को नया आकार देने में मदद करेगा। बता दें कि इस बहु-अरब पाउंड के समझौते से दोनों देशों के बीच 90% से अधिक वस्तुओं पर टैरिफ (आयात-निर्यात शुल्क) घटेंगे, जिससे व्यापार में तेजी आएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे भारत-यूके के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 25.5 बिलियन पॉन्ड की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 बिलियन पॉन्ड और वेतन में 2.2 बिलियन पॉन्ड की सालाना बढ़ोतरी का अनुमान है।



एशियाई शेयरों में हल्की बढ़त, फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें स्थिर रखीं गुरुवार को एशियाई शेयर बाजारों में हल्की तेजी देखने को मिली, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया। जापान का निक्केई 225, ऑस्ट्रेलिया का अर 200, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हांगकांग का हैंग सेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट सभी में 0.2% से 0.8% तक की बढ़त दर्ज की गई। फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि फिलहाल अमेरिकी अर्थव्यवस्था ह्ठोस रफ्तारह्व से चल रही है, लेकिन व्यापार युद्ध और टैरिफ के चलते आगे जोखिम बने हुए हैं। पॉवेल ने चेतावनी दी कि यदि टैरिफ बढ़ते रहे तो महंगाई बढ़ेगी, आर्थिक विकास धीमा होगा और बेरोजगारी बढ़ सकती है। इस बीच, वॉल स्ट्रीट पर भी बुधवार को शेयरों में तेजी रही। 500 में 0.4%, डॉव जोंस में 0.7% और नैस्डैक में 0.3% की बढ़त देखी गई।

### भारत के लिए समझौता फायदे का सौदा

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत के लिए भी यह समझौता फायदे का सौदा होगा, खासकर निर्यात और रोजगार के नए अवसरों के रूप में। कारण है कि भारत का यूके के साथ व्यापार हिस्सा 2022–23 में 1.69% से बढ़कर 2024–25 में 1.91% हो गया है। जहां दोनों देशों के बीच कुल व्यापार अभी करीब 60 अरब अमेरिकी डॉलर है और 2030 तक इसके दोगुना होने की उम्मीद है। वहीं 25 में भारत के निर्यात में वृद्धि हुई है, जबकि आयात में 6.1% की गिरावट दर्ज की गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अन्य अंगुलियों की अपेक्षा बीच वाली अंगुली के नाखून तेजी से बढ़ते हैं।
- एक वयस्क मानव के लिए केवल एक कदम उठाने से 200 मांसपेशियों का उपयोग होता है।
- शरीर में सबसे बड़ा ग्लैंड जिगर यकृत (liver) है।
- नाक और कान लगातार बढ़ते रहते हैं।
- मानव मस्तिष्क में एक मेमोरी क्षमता हार्ड ड्राइव में चार से अधिक टेराबाइट्स के बराबर होती है।
- पैर के नाखूनों की तुलना में हाथ के नाखून चार गुना तेज बढ़ते हैं।
- एक मानव कंकाल हर 10 साल में खुद को पूरी तरह से नवीनीकृत करता है।
- मनुष्य के शरीर में लगभग 650 मांसपेशियां होती है।
- उंगलियों के निशान की तरह जीभ भी प्रिंट हैं।
- जब आप छींकते है तो आपके दिल की धड़कन कुछ मिलीसेकेंड के लिए रुक जाती है।
- मनुष्य के बालों का औसतन जीवनकाल 3 से 7 साल होता है।
- मानव त्वचा बनाने वाली त्वचा कोशिकाएं उसी प्रकार की कोशिकाएं होती हैं जो मानव मुंह में होती हैं।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। मन परेशान हो सकता है।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। माता–पिता का सानिध्य मिलेगा। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** बातचीत में सन्तुलित रहें। किसी पुराने मित्र से पुन: सम्पर्क हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। माता–पिता का साथ मिलेगा। सम्पत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। आलस्य की अधिकता रहेगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु यात्रा खर्च भी बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन:** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

## चुटकुले

बॉस के जोक पर पूरी टीम हंसने लगी लेकिन गोलू नहीं हंसा।
बॉस– तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या?
गोलू– सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है।
बॉस को हुई हैरानी!

---

शौंटी– समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू– अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
शौंटी– अरे मैं बीमार हूं न... इसलिए डॉक्टर ने बाहर की चीज खाने से मना किया है।

---

टीचर स्टूडेंट से– ये बताओ कि नदी में नींबू का पेड़ लगा है तो उसे कैसे तोड़ोगे?
स्टूडेंट– चिड़िया बनकर।
टीचर– तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
स्टूडेंट– जो नदी में नींबू का पेड़ लगाएगा।

## 09 05 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन

# आज के जन्मदिन



साईं पल्लवी
अभिनेत्री



माही | चार्वी मित्तल | कुंज सिंह | पूनम कौशिक



मेघा सिंह | सोनल | राहुल प्रकाश | रईस अहमद | विकास चौधरी



सुमित राजपूत | ललित | मनोज शर्मा | मनोज शर्मा | अशोक त्यागी



अश्वनी वशिष्ठ | आनन्द कुमार | माधव हाडा | राम कुमार | संदीप कुमार | श्याम जांगिड

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मुंबई vs पंजाब आईपीएल मैच धर्मशाला से अहमदाबाद शिफ्ट

## मैच 11 मई को, कल नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी






**मुंबई।** आईपीएल में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को धर्मशाला में होने वाला मैच अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया गया है। मैच लॉजिस्टिक कारणों से अहमदाबाद शिफ्ट किया गया है।

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने इस बात की पुष्टि की। पटेल ने कहा, बीसीसीआई ने हमसे अनुरोध किया और हमने स्वीकार कर लिया। हालांकि इस लेकर अब तक बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

पंजाब किंग्स का मुकाबला आज धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स से होगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिए गए, जिनमें धर्मशाला भी शामिल हैं। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है।

बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन को पाकिस्तान से धमकी भरा ईमेल आया था। पुलिस ने धमकी के बाद बम निरोधक दस्ते के साथ स्टेडियम की जांच की थी।

इस स्टेडियम में आईपीएल के 2 मैच खेले जाने हैं अहमदाबाद के इस स्टेडियम में अभी आईपीएल के दो मैच और खेले जाने हैं। पहला मैच 14 मई को और दूसरा मैच 18 मई को खेला जाएगा। गुजरात पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी, जबकि दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला करेगी।

### दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है नरेंद्र मोदी स्टेडियम

नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है।

पंजाब के पास नंबर-1 पर पहुंचने का मौका पंजाब किंग्स के 11 मैचों में 7 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 15 पॉइंट्स हैं। टीम फिलहाल तीसरे नंबर पर है। आज का मैच जीतकर पीबीकेएस पहले नंबर पर पहुंच जाएगी और प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर लेगी। हालांकि, टीम को जगह कन्फर्म करने के लिए उसके बाद भी 2 में से 1 मैच जीतने की जरूरत पड़ सकती है। अगर पीबीकेएस हारी तो उन्हें फिर बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

मुंबई को दोनों मैच जीतने होंगे

मुंबई के 11 मैचों में 7 जीत और 4 हार से 14 पॉइंट्स हैं। टीम चौथे नंबर पर खिसक गई। यहां से टक को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। टीम के मुकाबले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से बचे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

## धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेट कीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए





**कोलकाता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा। नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए।

चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही।

कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं।

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था।

चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगकृष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों कॉट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए।

सीएसके के मिडिल ऑर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ सेंचुरी रही।

# सुपरबेट शतरंज क्लासिक में गुकेश ने प्रज्ञानंद से ड्रॉ खेला, 35 चाल के बाद बनी सहमति





**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को यहां सुपरबेट शतरंज क्लासिक्स में अपने अभियान की शुरूआत साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद के खिलाफ ड्रॉ के साथ की। गुकेश और प्रज्ञानानंद 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए।

फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूनार्मेंट में शुरूआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है। इन दोनों ने क्रमशः फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और रोमानिया के डेक बोगदान-डेनियल को हराया।

यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है और इसकी इनामी राशि 350,000 डॉलर है। अन्य बाजियों में पोलैंड के डूडा जान क्रिस्टोफ ने अमेरिका के फाबियानो करुआना के साथ ड्रॉ खेला जबकि अमेरिका के लिए लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ अंक बांटे।

अलीरेजा और वेस्ले एक-एक अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं और उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा, अरोनियन, अब्दुसत्तोरोव, करुआना और डूडा हैं जबकि डेक और मैक्सिम को अभी अपना खाता खोलना है।

# टेस्ट डेब्यू पर लगातार दो शतक से लेकर सबसे ज्यादा छक्के तक




**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये दुनिया को अचानक से इस फैसले की जानकारी दी। उनका यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने टेस्ट से संन्यास की अटकलों का खंडन किया था। इसके बाद उनकी कप्तानी में टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। ऐसा लग रहा था कि सबकुछ सामान्य चल रहा है, तभी रोहित ने टेस्ट से संन्यास का बम फोड़ा। न तो उन्होंने किसी फेयरवेल मैच की डिमांड रखी और न ही कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान किया। भारत को पिछले छह महीने में दो बड़े क्रिकेटर्स के संन्यास से बड़ा झटका लगा।

रोहित से पहले रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास लिया था। हालांकि, इससे तो यह तय है कि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से टीम एक नए कप्तान के अंदर खेलेगी और बदलाव के दौर से गुजरेगी। रोहित को 2022 में टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई थी। रोहित ने बतौर कप्तान, एक खिलाड़ी के तौर पर और बतौर ओपनर इस प्रारूप में कई रिकॉर्ड्स भी बनाए। टेस्ट डेब्यू पर उन्होंने शतक भी लगाया था। साथ ही उनके नाम टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा दूसरा सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड भी है।

रोहित शर्मा ने टेस्ट में 12 शतक लगाए और इन शतकों की खास बात यह है कि इन सभी टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की। रोहित के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी के जीत में दस या इससे ज्यादा शतक नहीं हैं। इस मामले में वार्विक आर्मस्ट्रांग (6) और डेरेन लेहमैन (5) का नंबर रोहित के बाद आता है।

बतौर ओपनर रोहित ने टेस्ट में नौ शतक लगाए। उन्हें अक्तूबर 2019 में भारत का टेस्ट ओपनर बनाया गया था। तब से किसी अन्य सलामी बल्लेबाज ने इतने शतक नहीं बनाए हैं। कुल मिलाकर इस अवधि में केवल चार बल्लेबाजों ने रोहित की तुलना में अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं।

# पाकिस्तान सुपर लीग पर संकट

## आनन-फानन में पीसीबी ने बुलाई बैठक




**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पाकिस्तान सुपर लीग के लिए बैठक बुलानी पड़ी है। बैठक में इस बात बहस होगी कि क्या पीसीएल को रोक दिया जाए। पाकिस्तान सुपर लीग में कई विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

पाकिस्तान की टी20 लीग में 6 फ्रेंचाइजी शामिल हैं। ये अपने अंतिम चरण में है। वर्तमान में रावलपिंडी में मैच हो रहे हैं। इसका समापन 18 मई को लाहौर में होना है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र के हवाले से जानकारी दी कि पीसीबी लीग को जारी रखने के लिए सरकार की सलाह का पालन करेगा और गुरुवार को बाद में इस पर चर्चा करेगा। पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने भी रावलपिंडी में विदेशी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है। पीसीबी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। लीग मं कुछ बड़े अंतर्राष्ट्रीय नामों में डेविड वॉर्नर, जेसन होल्डर और रस्सी वैन डेर डूसन शामिल हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठीकानों पर कार्रवाई की है।

# 'पता नहीं कौन सा सत्र आखिरी हो...', संन्यास के सवाल पर बोले धोनी



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को उसके घर में दो विकेट से हराकर तीसरी जीत दर्ज की। प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी सीएसके की टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है। मैच के बाद संन्यास के सवाल पर माही भावुक हो गए और उन्होंने फैंस का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने खूब प्यार लुटाया है और उन्हें यह भी तो नहीं पता है कि कौन सा सत्र उनका आखिरी सत्र होगा।

### '...इस वजह से फैंस मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं'

धोनी ने स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। धोनी ने मैच के बाद कहा, 'यही वह प्यार और स्नेह है जो फैंस से मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।'

### 'मैं सिर्फ दो महीने क्रिकेट खेल पाता हूं'

उन्होंने कहा, 'इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं। मैं सिर्फ दो महीने खेलता हूं। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस लीग के दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है, लेकिन मैंने जो प्यार और स्नेह देखा है, वह शानदार है।'

धोनी ने अपनी टीम की भी सरहाना की। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'यह केवल तीसरा गेम है जिसे हमने जीता है। जीत की तरफ होना अच्छा है। काफी कुछ चीजें हमारे पक्ष में नहीं गई हैं। जो महत्वपूर्ण है वह व्यावहारिक होना है। पहचानें कि क्या गलत हुआ है। हमारे पास 25 खिलाड़ी हैं जो जगह भर सकते हैं और मैं उसी पर ध्यान दे रहा था। हम अगले साल के लिए जवाब चाहते हैं कि कौन सा बल्लेबाज कहां और कौन सा गेंदबाज कहां गेंदबाजी कर सकता है।

धोनी ने कहा, 'अगर वह यह पता लगा सकते हैं कि गेंदबाज क्या कर रहा है, उसकी ब्लफ गेंद क्या है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' शिवम दुबे के साथ मैदान पर बातचीत को लेकर माही ने कहा, 'मैंने उनको कहा कि आपको केकेआर के स्पिनरों को दबाव बनाने से रोकना होगा। ब्रेविस के साथ मिलकर दुबे ने यह काम किया। सुनील और वरुण को विकेट नहीं दीजिए, फिर हम देखेंगे कि जीत पाते हैं या नहीं। यह बड़ा मैदान नहीं है।

### 'खिलाड़ियों की मानसिक मजबूती को देखें'

उन्होंने कहा, 'शायद ही कोई रन बना रहा था। हां आप कभी-कभी आउट हो जाते हैं, लेकिन आप खुद पर भरोसा करते हैं और ऐसे शॉट खेलते हैं जो आपको लगता है कि आप कर सकते हैं। ये वे खिलाड़ी हैं जो अब टीम का हिस्सा हैं। आप उन्हें नेट्स पर, अभ्यास मैचों में देख सकते हैं, उन्हें मौका दे सकते हैं और देख सकते हैं कि वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। आप क्रिकेट तकनीक या तकनीक के बारे में नहीं देखते, लेकिन उनकी मानसिक मजबूती और खेल की जागरूकता के बारे में देखते हो।'

# 53 महीने बाद भी नहीं सुलझी माराडोना की मौत की गुत्थी! पुलिस ने छापा मार जब्त किए मेडिकल रिकॉर्ड्स



**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के निधन को 53 महीने बीत चुके हैं, लेकिन उनके मौत की गुत्थी अब तक नहीं सुलझी है। स्थानीय पुलिस उनकी मौत में साजिश की आशंका जता रही है और इसके लिए माराडोना के स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे सात चिकित्सा पेशेवरों पर हत्या के आरोप भी लगे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस ने इन साथ मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्लिनिक पर माराडोना के पूरे मेडिकल रिकॉर्ड्स को जब्त करने के लिए छापा मारा। सातों चिकित्सा पेशेवरों पर स्टार फुटबॉलर के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप है। अदालत ने सातों पर मुकादमा चलाने के आदेश दिए हैं। पुलिस का छापा इसी को लेकर सबूत जुटाने में था। पुलिस ने अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के एक स्वास्थ्य क्लिनिक छापा मारा और डिएगो माराडोना के संपूर्ण मेडिकल रिकॉर्ड जब्त कर लिए।

### ऑपरेशन का पेश किए गए मेडिकल रिकॉर्ड्स में जिक्र नहीं

लॉस ओलिवोस क्लिनिक के चिकित्सा निदेशक पाब्लो दिमित्रॉफ ने गवाही दी कि माराडोना ने प्री-सर्जिकल अध्ययन किया था। उसी केंद्र में एक न्यूरोसर्जन द्वारा बिना किसी परेशानी के ऑपरेशन किया गया था। हालांकि, मामला तब सवालों के घेरे में आया जब उन अध्ययनों को माराडोना के मेडिकल रिकॉर्ड्स में शामिल नहीं किया गया था। ट्रायल जज ने तीन से 11 नवंबर, 2020 के बीच की माराडोना के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी फाइलों को जब्त करने के लिए छापेमारी का आदेश दिया था। पुलिस ने आधी रात को छापा मारा और छापेमारी बुधवार सुबह चार बजे तक चली।

### 25 नवंबर 2020 को हुआ था माराडोना का निधन

पुलिस रिपोर्ट से पता चला है कि अधिकारियों ने संबंधित अभिलेखों के लगभग 275 पृष्ठ और परीक्षण पर चिकित्सा पेशेवरों के बीच आदान-प्रदान किए गए 547 ईमेल सुरक्षित किए हैं। इसकी जांच गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, माराडोना की खोपड़ी और मस्तिष्क के बीच बने हेमटोमा की सर्जरी हुई थी यानी दिमाग में खून का थक्का जमा होने की वजह से उनकी सर्जरी हुई थी। वह चार से 11 नवंबर के बीच ओलिवोस में गहन देखभाल में रहे। इसके बाद अचानक से उन्हें अस्पताल से रिलीज किया गया और एक निजी घर में रिहैब के लिए भेज दिया गया। वहीं, 25 नवंबर 2020 को 60 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई।

### वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने 25% जुमार्ना लगाया

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25% जुमार्ना लगाया गया और एक डिमेरिट पॉइंट दिया है। हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था। माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुमार्ना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रेविस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक—1025/पार्किंग/2025—26 दिनांक— 08.05.2025

**पार्किंग स्थलों की ई–निविदा/खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत सामान्य पार्किंग स्थलों सडक पटरी किनारे खडे होने वाले वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 19.05.2025 को ई–निविदा व दिनांक 21.05.2025 को खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से द्वि–पद्धति आधार पर सार्वजनिक ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। सामान्य पार्किंग स्थलों को संचालित करने हेतु सडक पटरी किनारे खडे होने वाले वाहनों से पार्किंग–शुल्क वसूल करने के ठेके को संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.05.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाऊनलोड कर ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते है, जो दिनांक 19.05.2025 को सांय 4:00 बजें ई–निविदायें पार्किंग प्रभारी के चतुर्थ तल स्थित कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। उसके पश्चात पार्किंग स्थलों हेतु खुली बोली का आयोजन दिनांक 21.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों हेतु ई–निविदा अथवा खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि दोनों में से जो भी अधिकतम होगी, पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा। ई–निविदा एवं खुली बोली सम्बन्धी शर्तें ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है।

पार्किंग प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांकः 399/न0पा0प0खो0/ई–निविदा/2025 दिनांकः 08 मई 2025

**ई प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर हेतु निकाय क्षेत्र में विविध निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 09.05.2025 की प्रातः 10:00 बजे से 02.06.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः 02.06.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No–:392/न0पा0परि0खो0/ई–निविदा/2025 दिनांकः 07 मई 2025 |
| Publish and Time for RFP | 09.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 02.06.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 02.06.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

(अभिषेक कुमार)
अधिशासी अधिकारी

(मोहिनी शर्मा)
अध्यक्ष

# भारी तूफान व ओलावृष्टि के बीच व्यवस्थाओं को संभालने में जुटा निगम

## जल भराव के हॉटस्पॉट पर नजर बनाए रखें अधिकारी : नगर आयुक्त









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार भारी तूफान तथा ओलावृष्टि के दौरान गाजियाबाद नगर निगम टीम अलर्ट रही, वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जलभराव के हॉटस्पॉट स्थलों का निरीक्षण भी किया।

गाजियाबाद के कुछ इलाकों में भारी बारिश रही जहां सूचना मिलते ही गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग तथा उद्यान विभाग ने व्यवस्थाओं को संभाला।

52 ऐसे हॉटस्पॉट गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत है जहां पर लगातार जल भराव की समस्या के समाधान हेतु पंप सेट में अन्य उपकरण लगे हुए हैं, सिटी तथा कवि नगर जोन अंतर्गत आने वाले ऐसे स्थान जहां पर जल भराव की समस्या बनी रहती है वहां टीम के द्वारा जल निकासी का कार्य कराया गया, इसी क्रम में उद्यान विभाग द्वारा भी तूफान में गिरे हुए पेड़ों को हटाया गया।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम नियमित समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है। आपदा के समय भी गाजियाबाद नगर निगम की भूमिका सराहनीय दिखाई दे रही है भारी बरसात तथा ओलावृष्टि के दौरान गाजियाबाद नगर निगम की टीम मौके पर बनी रही जल निकासी का कार्य किया गया तथा गिरे हुए पेड़ों को हटाकर आवागमन को भी गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा सुचारु कराया गया।

### डायमंड फ्लाईओवर के आसपास पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही तत्काल की गई कार्रवाई





करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया भारी तूफान व ओलावृष्टि के दौरान व्यवस्थाओं को संभालने में निगम की टीम मौके पर डटी रही जिसमें मोहन नगर तथा विजयनगर क्षेत्र से कम जल भराव की सूचना मिली। सिटी जोन अंतर्गत हिंडन अंडरपास तथा नवयुग मार्केट में हुई बारिश के दौरान जलकल विभाग टीम मौके पर बनी रही। उपकरणों के माध्यम से जल निकासी की गई। मोहन नगर क्षेत्र में नागद्वार अंडरपास पर उपकरण लगाया गया। जल निकासी की गई। विजयनगर क्षेत्र में गौशाला अंडरपास पर जल भराव नहीं रहा। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि भारी तूफान शहर में रहा जिसके क्रम में वसुंधरा सेक्टर 4 में गिरे पेड़ को उद्यान टीम द्वारा तत्काल हटाया गया। कवि नगर क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर के आसपास पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही की गई संजय नगर सेक्टर 23 तथा कलेक्ट्रेट के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी हटाया गया। सिटी के अंतर्गत टाउन हॉल तथा नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास गिरे हुए पेड़ों को भी उद्यान विभाग द्वारा हटाया गया विजयनगर तथा मोहन नगर क्षेत्र से किसी प्रकार पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त नही हुई, उद्यान विभाग टीम भारी बरसात के दौरान मौके पर बनी रही तथा व्यवस्थाओं को संभाल गया।

### बाधित हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया गया

करंट क्राइम। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया भारी बरसात में गिरे हुए पेड़ों को टीम द्वारा हटाया गया। बाधित हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सरल किया गया। कुछ पेड़ बहुत ही विशाल थी जिनका क्रेन के माध्यम से हटाया गया तथा उपकरणों के माध्यम से कुछ पेड़ों की कटिंग करते हुए भी हटाने का कार्य किया गया।




### उसने लिया था अफसर से पंगा, अब लग गए विकास पर ब्रेक

सरकरों आती-जाती रहती हैं, लेकिन इकबाल बुलंद हमेशा अफसरों का रहता है। साइकिल वालों की सरकार में सरदार जी ने जीडीए के बड़े अधिकारी को ही विकास पुरुष घोषित कर दिया था। फूल वालों की सरकार आई तो बोर्ड वाले मेंबरों को जीडीए वाली मैडम ने कह दिया था कि 25-25 लाइट मिलेगी, लेनी हो तो ले लो, ज्यादा फाइट मत करो। अब जो नए-नए मोहल्ला प्रधान आए उनका अलग ही हल्ला था। उन्हें लग रहा था कि विकास का सारा जिम्मा उन्हीं के पास है। बताते हैं कि फूल वाले दो पार्षदों ने इस चक्कर में अधिकारियों से पंगा ले लिया। अब कोटा भी है, निधि भी है, लेकिन विधि ऐसी है कि काम नहीं हो रहा है। मेंबर फूल वाले हैं और वो कूल तरीके से लेकर एंगर वाले स्टाइल में आ चुके हैं, लेकिन अफसर भी उन्हें हिंदी में समझा चुके हैं कि अगर काम नहीं होगा तो नहीं ही होगा।

### कौन समझाए उन्हें कि हम जनता के जिताए लोग हैं, तुम्हारी कृपा से नहीं आए

100 मोहल्लों वाली सरकार का अलग ही जलवा है। मुखिया तो कई रहे हैं, लेकिन ऐसा जलवा जलाल किसी का देखने को नहीं मिला। सुना है कि किसी को सबके सामने झिड़क दिया तो किसी के मोहल्ले की चाबी ही किसी और को दे दी। किस्सा दूसरे वार्डों तक पहुंचा तो सीनियर मोहल्ला प्रधान भी आ गए। उन्होंने कहा कि वो इस बात को समझ लें कि टिकट हमें संगठन से मिला था और वोट हमें पब्लिक ने दिये हैं। हम जनादेश पाकर इस सदन में आए हैं, हम यहां उनकी कृपा से नहीं आए। बेहतर है कि वो लोकतंत्र में इस बात को समझ लें।

### अगर इसी तरह कटे तकमिन्ने तो बचे कांग्रेसी भी नहीं मिलने

हाथ वालों के यहां सीन यह चल रहा है कि रस्सी जल गई है मगर, बल नहीं जा रहे। नए कप्तान बड़े ध्यान से टीम के गठन में लगे हैं। उन्होंने बताया कि हाईकमान का फरमान ऐस है कि निष्क्रिय को नहीं लिया जाना। जो लगातार एक्टिव हो उसे लेना है और इस तरह के कई नियम कायदे बताए। बात जब पुराने कांग्रेसी तक पहुंची तो उसने भी ठहाके लगाए और कहा कि जितने तकमिन्ने ये काट रहे हैं, मेरी बात लिखकर रख लो कि बचे कांग्रेसी भी नहीं मिलने वाले हैं। ऐसे तकमिन्नों से तो अगले एक साल तक भी अगर कमेटी घोषित हो जाए तो बता देना। बड़ी मुश्किल से तो घेर-घोंटकर किसी को लाते हैं और ये महान चेहरे उसी में कमी गिनाते हैं। बड़े चेहरों के मोहल्ले में हाथ की जमानत जब्त हो जाती है। इस बात को बड़े चेहरे खुद उठकर क्यों नहीं बताते हैं।

## एनजीटी के आदेश पर राजेन्द्रनगर में पार्क की अवैध सड़क को जीडीए ने तोड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनजीटी में विचाराधीन वाद ओ.ए. सं.-710/2023 सुशील राघव बनाम स्टेट ऑफ यू०पी० व अन्य में न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में राजेन्द्रनगर औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में फैक्ट्री के पास स्थित पार्क की भूमि पर अनधिकृत रूप से निर्मित सड़क को हटाये जाने हेतु 08 मई 2025 नियत थी। जिसे गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में राजेन्द्रनगर औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में फैक्ट्री के पास स्थित पार्क की भूमि पर अनधिकृत रूप से निर्मित सड़क को प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय पुलिस बल की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया है। उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं समस्त स्टाफ तथा नगर निगम, गाजियाबाद की प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

## मधुबन बापूधाम के निवासियों के लिए बड़ी राहत

## जीडीए उपाध्यक्ष की पहल पर हाईटेंशन वायर शिफ्ट कर पीवीवीएनएल को हस्तांतरित की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम पॉकेट बी में प्राधिकरण द्वारा नियोजित भूखंडों के बीच से 33 केवी हाईटेंशन लाइन होकर गुजर रही थी जिससे आवंटियों को भवन निर्माण में समस्या आ रही थी। आवंटियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भूखंडों के बीच से गुजर रही पुरानी 33 केवी हाई टेंशन लाइन को शिफ्ट करते हुए सुनियोजित किए जाने हेतु जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में टेंडर प्रक्रिया आमंत्रित कर लगभग 1 करोड़ 20 लाख की लागत से हाई टेंशन लाइन को भूखंडों के बीच से शिफ्ट कर सुनियोजित किए जाने उपरांत पीवीवीएनएल को हैंडओवर कर दिया गया है। इसके शिफ्टिंग से भूखंड के आवंटियों/निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी एवं किसी प्रकार के खतरे से सुरक्षा एवं बचाव भी होगा। इसके अतिरिक्त इस 33 केवी हाईटेंशन लाइन के शिफ्ट हो जाने से गोविंदपुरम एवं चिरंजीव विहार के निवासियों को भी विद्युत सप्लाई में आ रही समस्या का स्थायी समाधान होगा। भविष्य में इस हाईटेंशन लाइन का देखभाल व रखरखाव का दायित्व पीवीवीएनएल का होगा। निर्वाध बिजली आपूर्ति से न केवल निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि विकास परियोजनाओं को भी नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में प्रगति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।




### एसीपी कब शुरू करेंगे अपने थानों का निरीक्षण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए फरमान आ रहे हैं। तो नई पुलिसींग भी प्रदर्शित की जा रही है। मकसद है कि जनता की समस्याओं की सुनवाई हो और पुलिस पर भरोसा बढ़ाया जाए। तो वहीं इन दिनों सिटी से लेकर देहात वाले इलाकों पर खुद नए कमिश्नर नजर रख रहे हैं। यातायात की व्यवस्था को सुधारने के प्रयास हो रहे हैं। तो बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियााबाद में हाई अलर्ट को लेकर जैसा स्वैग नजर आना चाहिए था, वैसा नजर नहीं आया है। पर सूत्र बता रहे हैं कि अब अगर स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल वाली होगी तो बाकायदा कई पुलिस अधिकारी ऑन रोड होंगे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों एक बैठक के दौरान जहां साहब द्वारा अपने सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि वह सप्ताह में एक बार दिन में और एक बार रात में थाने का निरीक्षण करेंगे। उसकी अभी ना तो कोई फोटो आई है ना कोई जानकारी और ना ही कोई प्रेसनोट आना शुरू हुआ है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे कई सर्किल में व्यवस्था शुरू की गई है लेकिन अभी इस न्यूज को आउट नहीं किया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी स्तर के बदलाव होने के बाद कई खास कार्यालय में उनका स्टाफ भी चेंज होगा। वैसे सुनने में आया है कि नए आने वाले आईपीएस अधिकारी कमिश्नरेट में आ गए हैं। उनकी पुलिस ऑफिस में मौजूदगी होने की जानकारी मिली है। इसके साथ ही पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि वहीं लंबे समय से जिन पुलिस कर्मियों के पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बाहर तबादले हुए थे, उनके भी जाने का सिलसिला धीरे-धीरे तेज होने वाला, बताया जा रहा है। तो सुनने में आया है कि कई लोग कमिश्नरेट से जाएंगे, तो कई को अलग रेंज में भी जाना पड़ेगा। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारी भी एक्शन मोड में नजर आने वाले हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि शुक्रवार को इस बार देहात जोन वाले अधिकारी और प्रभारी लाइन में नजर आएंगे अगर मौसम ना बिगड़ा तो सुबह की परेड का नजारा बदला हुआ नजर आएगा। सूत्रों ने जानकारी दी है कि इससे पिछले शुक्रवार को बारिश की वजह से नदिया पार वालों की हो नहीं पाई थी, तो अभी तक लाइन में मैदान में केवल सिटी वालों ने ही दौड़ लगाई है।




## जातिगत जनगणना करेगी पिछड़ों का विकास: डॉ. के लक्ष्मण

### मोदी ने जातिगत जनगणना को मंजूरी देकर विपक्ष की राजनीति बंद कर दी : नरेंद्र कश्यप



**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गुरुवार को एसएस इंटरनेशनल स्कूल अनिल विहार खोड़ा में भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण व उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जातिगत जनगणना को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में खोड़ा और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

#### जातिगत जनगणना से पिछड़े वर्ग को लाभ मिलेगा : के. लक्ष्मण

करंट क्राइम। राज्यसभा सांसद एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातिगत जनगणना का जो फैसला लिया है, उससे पिछड़े वर्ग को लाभ मिलेगा। वह पहले से अधिक शक्तिशाली और सशक्त बनेंगे। इससे देश भी अधिक तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी हमेशा से पिछड़ों का सम्मान और हक दिलाने की आवाज उठाती है नरेंद्र मोदी ने उस सपने को साकार करने का काम किया है।

#### प्रधानमंत्री को सबसे ज्यादा पिछड़ों की चिंता : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। कार्यक्रम में बोलते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी विपक्षी दलों से राजनीति के इस बड़े मुद्दे को छीन लिया है। प्रधानमंत्री को सबसे ज्यादा पिछड़ों की चिंता रहती है, इसीलिए नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना का फैसला लिया गया है ताकि पिछड़े और ओबीसी वर्ग को चिन्हित कर उनके सुधार और भविष्य को सुधारने की कार्य योजना बनाई जा सके। खोड़ा में हुई संगोष्ठी के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### कार्यक्रम बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

करंट क्राइम। कार्यक्रम में संयोजक देवेंद्र यादव, जयप्रकाश कुशवाहा, हरवीर पाल, सौरभ जायसवाल, जीतू राय, योगेश भाटी, हरेंद्र नागर, सचिन अंबावता, प्रशांत गोस्वामी, मधुकर मोनू, घनश्याम तिवारी, अवधेश यादव, लक्ष्मण रावत, दीवान सिंह लटवाल, अशोक सिंह आदि सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### जयंती



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती पर गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा और सीताराम बाजार के व्यापारियों ने शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर ऋषि अरोड़ा, सुमित गोयल, अवनीश गुप्ता और युवा प्रदेश महामंत्री राजू छाबड़ा उपस्थित रहे।

## जनजागरण शोभा यात्रा को लेकर 10 मई को आयोजित होने वाली बैठक सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संगठन शीर्ष नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देशानुसार गुरुवार को शालीमार गार्डन मंडल के वार्ड 78 शहीद स्थल बिजली घर के पास भाजपा नेता आदेश तिवारी के कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

एक राष्ट्र -एक चुनाव को लेकर भारत माता संस्कृत संस्थान द्वारा 10 मई शाम 5 बजे स्थान शहीद पथ नवयुग मार्केट हापुर रोड गाजियाबाद में आयोजित जन जागरण शोभा यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र भाजपा मानसिंह गोस्वामी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी ने की। मुख्य वक्ता ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव का कानून लागू होने पर भारत सरकार के खर्चे में कमी आएगी और शासन-प्रशासन की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर पवन रेड्डी, नीरू शर्मा, इंदु तोमर, ममता झा, प्रियंका सोलंकी, सोनाली, इंद्रा सैनी, गुरदास पाल, मनीष सैनी, सुनील त्यागी, आदेश तिवारी, सतीश सेन, गौरव बक्शी, मोनू राघव, आबाद, नागी जी, संजय शर्मा, रोहित सूद, और शिवप्रसाद, प्रेम त्यागी, सोनू पहलवान, कालीचरण पहलवान, संदीप वर्मा, उदयवीर चौधरी, सौरभ राठौर एवं सभी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेड क्रॉस के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर व प्रोत्साहन गोष्ठी का किया आयोजन

### 50 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली देकर गोद लिया गया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था के जनक हेनरी ड्यूट के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला रेड क्रॉस का स्थापना दिवस भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर रक्तदान शिविर व रक्तदान प्रोत्साहन गोष्ठी का आयोजन तथा 50 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली देकर गोद लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गाजियाबाद के शिक्षा जनक, शिक्षाविद गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर के कर कमल द्वारा डॉ संगीता गोयल स्वास्थ्य निदेशक, डॉ राकेश कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ चरण सिंह, मेजर डॉ प्राची गर्ग, डॉ अंशुल चौधरी, डॉ नेहा गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज के इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब गाजियाबाद हेरिटेज के सौजन्य से 50 क्षय रोगियों को 6 माह के लिए गोद लेकर पुष्टाहार पोटली वितरित की। मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग ने कहा कि रेड क्रॉस एक गैर राजनीतिक संगठन है और भारत में 1920 से निर्बाध रूप से सेवा कार्यों में संलग्न है। इस अवसर पर सभापति सुभाष गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

सरकारी विद्यालय की शिक्षिका नीतू सिंह, अंशु सिंह व अंजलि अग्निहोत्री ने भी रेड क्रॉस की सदस्यता ग्रहण की।

रेड क्रॉस दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने में डॉ बलिगा, डॉ शील, एम. सी. गौड़, विपिन अग्रवाल, डीसी बंसल, राजेश गुप्ता, विनोद कुमार, संजय कुमार यादव व दीपाली गुप्ता के अतिरिक्त समस्त चिकित्सकों व सहयोगियों का समर्थन में पूरा पूरा सराहनीय सहयोग मिला।

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में आए अमेरिकी सांसद, बोले- न्याय की खोज में भारत के साथ

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सांसदों ने भी भारत के ऑपरेशन सिंदूर के प्रति अपना समर्थन जताया है। अमेरिकी सीनेट के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीस ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए चलाए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया, लेकिन साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढ़ने की आशंका के प्रति चिंता भी जाहिर की।



### जिम रीस बोले- न्याय की कोशिशों में भारत के साथ

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है। साथ ही आतंकी ढांचे को भी भारी नुकसान हुआ है। भारत ने यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की। बीती 22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमेरिकी सीनेटर जिम रीस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव चिंताजनक है। मैं पहलगाम में हमलावरों के खिलाफ न्याय की भारत सरकार की कोशिशों का समर्थन करता हूं, लेकिन मैं दोनों पक्षों के नागरिकों के प्रति सावधानी और सम्मान का आग्रह करता हूं।'

### आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने भी भारत की कार्रवाई का जोरदार समर्थन किया और कहा कि भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को आतंकवाद के खिलाफ हमेशा अपने सहयोगियों के साथ खड़े होना चाहिए। यही वो समय है, जब भारत और अमेरिका को साथ मिलकर साझा चुनौतियों का सामना करना चाहिए और निर्दोष लोगों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों, मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए। थानेदार ने कहा कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और इसका मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी है।

# सिस्टिन चैपल की चिमनी से निकलता दिखा काला धुआं, पहले कॉन्क्लेव वोट में नहीं हुआ पोप का चुनाव

**वेटिकन सिटी ।** रोमन कैथोलिक चर्च के लिए नए पोप का चुनाव करने के लिए आयोजित सम्मेलन में सिस्टिन चैपल की चिमनी से बुधवार की शाम को काला धुआं निकलता दिखा, जो यह इस बात का सूचक था कि कार्डिनल्स की ओर से आयोजित किए गए पहले मतदान का फैसला नहीं हो सका है। बता दें कि हजारों श्रद्धालु सेंट पीटर्स स्क्वायर में जमा हुए। सभी अंत में चैपल की छत पर बने चिमनी से निकलने वाले धुएं की प्रतीक्षा कर रहे थे।



धर्माध्यक्ष गुप्त मतदान में ईश्वरीय मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना कर रहे थे, लेकिन काला धुआं निकलने के बाद पता चल गया कि पोप का चयन नहीं हो पाया है। इस बीच, सीरिया में वेटिकन के राजदूत कार्डिनल मारियो जेनारी ने कहा कि अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। हालांकि आज के लिए किसी को यह उम्मीद भी नहीं थी कि चिमनी से सफेद धुंआ निकलेगा। बता दें कि अभी तक कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कॉन्क्लेव के पहले ही दिन पोप के नाम पर सहमति बन जाए। हांलाकि कई कार्डिनल्स ने ये प्रक्रिया शुरू होने से पहले बयान दिया था कि वे गुरुवार या शुक्रवार तक पोप का चुनाव कर लेंगे। अब जबकि पोप का चुनाव नहीं हो पाया है तो 133 कार्डिनल जिन्हें पोप के चुनाव में शामिल होना है, वे रोज सुबह के सत्र में दो बार और दोपहर में दो बार मतदान करेंगे। यह क्रम तब तक जारी रहेगा, जब तक कि पोप के लिए नामित व्यक्ति कम दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर लेता। इससे पहले, नए पोप के चुनाव के लिए कैथोलिक चर्च के 133 कार्डिनल्स ने बुधवार को पारंपरिक रस्में शुरू कीं। 2,000 साल के इतिहास में भौगोलिक रूप से सबसे विविध सम्मेलन को शुरू करने से पहले सिस्टीन चैपल में सुबह के समय कार्डिनल्स दाखिल हुए। पोप के चुनाव की यह प्रक्रिया बेहद गुप्त रखी जाती है। इस बाबत, पोप के चुनाव में शामि होने वाले 70 देशों से आने वाले कार्डिनल्स को बाहरी दुनिया से अलग रखा जा रहा है, उनके सेलफोन को सरेंडर कर दिए गए हैं और वेटिकन के चारों ओर एयरवेव्स को जाम कर दिया गया है ताकि उन्हें सभी संचार से रोका जा सके। वरिष्ठ कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे ने कॉन्क्लेव में मतदान करने वाले कार्डिनल्स से आग्रह किया है कि वे ऐसे इन्सान को चुनें जो अपने निजी हितों के पूरी तरह दूर हो।

# फलस्तीन समर्थक छात्रों ने लाइब्रेरी में किया प्रदर्शन, हेट क्राइम केस में युवक गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क ।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे सघर्ष को लेकर दूनियाभर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन कर इस्राइल के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करा रहें है। इसी बीच अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बुधवार शाम को उस वक्त तनाव बढ़ गया जब दर्जनों फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मास्क पहनकर यूनिवर्सिटी की मुख्य लाइब्रेरी में घुस गए और वहां इस्राइल के विरोध में प्रदर्शन करने लगे। साथ ही लाइब्रेरी के अंदर फलस्तीनी झंडे और बैनर लगाए। इन बैनरों में लिखा था कि 'कोलंबिया विल बर्न'...हालांकि मामले में बढ़ते तनाव को देखते हुए न्यूयॉर्क पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच माहौल को नियंत्रित करने लगे।




**सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर लाइब्रेरी में घुसे प्रदर्शनकारी जिसमें साफ तौर पर देखा गया कि एक तरफ प्रदर्शनाकारियों ने सुरक्षा गार्डस को धक्का देकर अंदर प्रवेश किया**

### हेट क्राइम के मामले में एक युवक की गिरफ्तारी

बता दें कि इसी शाम अमेरिका के न्याय विभाग ने एक 20 वर्षीय युवक तारेक बजरूक पर यहूदी लोगों पर हमला करने के आरोप में हेट क्राइम के तहत मामला दर्ज किया। बजरूक पर आरोप है कि उसने न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के पास एक प्रदर्शन में एक व्यक्ति को लात मारी, इस्राइली झंडा छीना और एक व्यक्ति को घूंसा मारा। कोर्ट ने फिलहाल उसे रातभर हिरासत में रखने का आदेश दिया है और गुरुवार को उसकी जमानत पर सुनवाई होगी। हालांकि बजरूक के वकील ने कहा कि वे कोर्ट में उनका मजबूती से बचाव करेंगे। मामले में यूनिवर्सिटी की प्रेसिडेंट क्लेयर शिपमैन ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को कई बार अपनी पहचान दिखाने और वहां से जाने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने न्यूयॉर्क पुलिस से मदद मांगी। वहीं न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि पुलिस वहां गैरकानूनी रूप से मौजूद लोगों को हटाने पहुंची थी।

# वर्ल्ड बैंक लैंड कॉन्फ्रेंस में भारत की स्वामित्व योजना का जलवा

**वॉशिंगटन ।** भारत की स्वामित्व योजना का डंका अब विश्व बैंक भूमि सम्मेलन-2025 के प्रतिष्ठित मंच पर भी गूंज रहा है। वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने 'भूमि स्वामित्व और शासन सुधार में अच्छी प्रथाएं और चुनौतियां' विषय पर भारत की भूमि अधिकार, स्वामित्व सुधार और प्रौद्योगिकी आधारित भूमिका पर वकतव्य दिया।




पंचायती राज सचिव भारद्वाज ने मंगलवार को अपने भाषण में बताया कि 'स्वामित्व योजना' के जरिये भारत ने गांवों की जमीन की मैपिंग और रिकॉर्डिंग की है। इसके लिए ड्रोन जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है और जरूरी कानूनी बदलाव भी किए गए हैं। भारद्वाज ने बताया कि यह योजना भारत के सभी राज्यों के साथ मिलकर चलाई जा रही है, जिसमें सरकार, समाज और लोगों की भागीदारी अहम है।68000 वर्ग किलोमीटर जमीन का हो चुका सर्वेक्षण

सचिव भारद्वार ने पेरू के अर्थशास्त्री हर्नांडो डी सोटो का जिक्र करते हुए कहा कि जमीन पर अधिकार न होने से उसकी आर्थिक क्षमता बर्बाद हो जाती है। भारत में अब तक 68,000 वर्ग किलोमीटर जमीन का सर्वेक्षण हो चुका है, जिससे करीब 1.16 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति का मूल्य सामने आया है। इससे गांवों के लाखों लोगों को जमीन पर मालिकाना हक मिला है और उन्हें बैंक से कर्ज लेने और आगे बढ़ने का मौका मिला है।

# सिंगापुर सहित कई देशों ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

**सिंगापुर ।** भारत ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले कर उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए सिंगापुर और अमेरिका सहित कई देशों ने अपने लोगों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने लोगों से भारत और पाकिस्तान के संघर्ष वाले इलाकों की यात्रा करने से परहेज करने की सलाह दी है।



सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए सिंगापुर के लोगों को सलाह दी जाती है कि वे भारत के जम्मू-कश्मीर और पूरे पाकिस्तान की गैर-जरूरी यात्रा न करें। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा यात्रियों को विशेष रूप से पाकिस्तान और भारत के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में सावधानी बरतनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए आगे कहा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुर के लोगों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और अपनी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरतें। विदेश मंत्रालय ने लोगों से कहा कि वह भीड़-भाड़ से बचें, स्थानीय खबरों पर बारीकी से नजर रखें और स्थानीय अधिकारियों के निदेशों का पालन करें। अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों ने भी जारी किया सुरक्षा अलर्ट इससे पहले, पाकिस्तान में अमेरिका के दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने नागरिकों को संघर्ष वाले इलाकों को तत्काल छोड़ने को कहा है। दूतावास ने कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए है। इसके अलावा स्वीडन, ब्रिटेन समेत कई देशों ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान न जाने या उस क्षेत्र को तत्काल छोड़ने की सलाह दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत को मिला ब्रिटिश सांसद का साथ, कहा- आतंक को जड़ से मिटाने का पूरा अधिकार

**लंदन।** उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रक्षा करने और आतंकवादी ढांचे को खत्म करने का पूरा अधिकार है। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी गुट न केवल भारत बल्कि पश्चिमी देशों के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने ब्रिटिश संसद में बोलते हुए कहा कि यह एक बर्बर और अमानवीय हमला था, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों को बेहद क्रूरता से मार डाला गया। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से भारत के साथ आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने की मांग की।



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और तेज हो गया है। दुनियाभर से अलग-अलग प्रकार की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही है। इसी बीच ब्रिटेन की सांसद प्रीति पटेल ने आतंकियों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया है**

**लश्कर-ए-तैयबा और हमास के संबंध पर जोर :** ब्रिटिश सांसद प्रीति पटेल ने आगे लश्कर-ए-तैयबा और हमास के बीच संबंध की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का जिम्मेदार द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) लश्कर-ए-तैयबा का संगठन है, जिसकी हमास के साथ जुड़े होने की खबर है। प्रीति पटेल ने इस विषय में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। प्रीति पटेल ने आगे ब्रिटिश सरकार से पूछा कि क्या ब्रिटेन ने भारत को इस आतंकी हमले के बाद कोई खुफिया या सुरक्षा मदद दी है। उन्होंने पूछा कि क्या ब्रिटेन को इस हमले से पहले भारत की ओर से की गई किसी कार्रवाई की जानकारी दी गई थी और क्या दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या ब्रिटिश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पाकिस्तान को दी जाने वाली कोई भी मदद आतंकी संगठनों के हाथ न लगे। इसके साथ ही अंत में सांसद प्रीति पटेल ने यह चिंता भी जताई कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का असर ब्रिटेन में बसे भारतीय और पाकिस्तानी समुदायों पर न पड़े। उन्होंने यह भी पूछा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले ब्रिटिश नागरिकों को किस तरह की अतिरिक्त वाणिज्यिक और कांसुलर सहायता दी जा रही है ऑपरेशन सिंदूर, एक नजर गौरतलब है।

# बलूच लड़ाकों के हमले में 14 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, रिमोट से आईइडी धमाका कर की हत्या

**पाकिस्तान ।** बलूचिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दो अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें कुल 14 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए हैं। इस धमाके में गाड़ी में सवार सभी 12 जवान मारे गए, जिनमें स्पेशल ऑपरेशंस कमांडर तारिक इमरान और सुबेदार उमर फारूक भी शामिल थे।



**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पहला हमला बलूचिस्तान के बोलान जिले के माछ इलाके के शोरकंड क्षेत्र में हुआ, जहां बीएलए के स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वॉड (एसटीओएस) ने एक सैन्य काफिले की गाड़ी को रिमोट कंट्रोल से आईइडी विस्फोट के जरिए निशाना बनाया**

एक क्लियरेंस ऑपरेशन के दौरान हुआ दूसरा हमला वहीं दूसरा हमला केच जिले के कुलाग टिग्रान इलाके में हुआ, जहां सेना की बम निरोधक टीम एक क्लियरेंस ऑपरेशन पर थी। दोपहर करीब 2:40 बजे रिमोट कंट्रोल वाएऊसे धमाका किया गया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई। मामले में बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने बयान जारी कर कहा कि जो लोग बीएलए को विदेशी एजेंट कहते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि खुद पाकिस्तानी सेना विदेशी पूंजी और हितों की रखवाली कर रही है।

बीएलए के प्रवक्ता ने आगे पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि सेना कभी बंदरगाहों की सुरक्षा करती है, कभी आर्थिक कॉरिडोर की और कभी विदेशी कर्जदाताओं की मर्जी से चलती है। ऐसे में यह सेना देश की नहीं, बल्कि एक किराए की फौज है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि बलूच स्वतंत्रता सेनानियों के हमले आगे और तेज होंगे।

गौरतलब है कि बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी आंदोलन चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है।

# ब्राजील के उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला
## पहली बार किसी को लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया

**रियो डी जेनेरियो ।** हालांकि उच्च न्यायालय के इस फैसले की समीक्षा हो सकती है। यह फैसला ब्राजील के ब्रासीलिया के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने बुधवार को सुनाया।

जिस व्यक्ति ने यह मांग की थी, वह अपने जन्म प्रमाण पत्र पर लिंग तटस्थ पदनाम चाहता था। याचिका दायर करने वाला व्यक्ति पहले महिला था, लेकिन लिंग परिवर्तन कराकर वह पुरुष बन गया। ऐसे में पहले उसने खुद को पुरुष के रूप में वर्णित करने की मांग की, लेकिन कुछ साय बाद उसे पछतावा हुआ तो उसने अदालत से अपील की कि उसे लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया जाए। पैनल में शामिल जजों ने भी इस मामले को नाटकीय बताया, लेकिन ये भी माना कि याचिकाकर्ता को बहुत



**ब्राजील के एक उच्च न्यायालय ने एतिहासिक फैसला सुनाते हुए एक व्यक्ति को लैंगिक तौर पर तटस्थ घोषित किया है। मतलब न उसे पुरुष माना जाएगा और न ही महिला**

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाकी जज भी इस बात से सहमत हुए। फिलहाल ब्राजील की उच्च न्यायालय ने इस मामले को सील कर दिया है। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।




# गाजियाबाद ने कहा, हमें भारतीय सेना पर गर्व

**सुचिता त्यागी**



सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को कामयाब करके ये साबित कर दिया है कि भारत की सेना शौर्य पराक्रम और साहस में दुनिया में किसी से कम नहीं है। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देना हमारी सेना को अच्छे से आता है। और अब सेना को तब तक रुकना नहीं चाइए जब तक आंतकवाद जड़ से खत्म ना हो जाए।

**वरुण शर्मा**



ये बदलता हुआ भारत है जो अपना बदला घर में घुस कर लेता है। अभी तो पूरे पाकिस्तान पर हमला कर देना चाहिए। ऑपरेक्शन सिन्दूर के लिए भारत सरकार को हार्दिक बधाई ।

**जयप्रकाश भारद्वाज**



भारतीय सेवा के पराक्रम को सलाम भारतीय सेवा ने देश और दुनिया को दिखा दिया की हिंदुस्तान की सेवा में कितना है दम जय हिंद।

**फुरकान कुरैशी**



देश कि सेना ने जो बदला लिया है वो दिलेरी का काम किया हे आज देशवासियों को अपने लोगों का बदला लेने से देश की सेना पर गर्व है और देश की जनता धन्यवाद दे रही हैं अब कभी भी कोई आतंकी देश वासियों को बुरी नजर से नहीं देखेगा साथ ही मेरी तरफ से कर्नल सोफिया कुरैशी बहन और उनकी पूरी टीम को मुबारकबाद उज्वल भविष्य की कामनाएं देते हैं कर्नल सोफिया कुरैशी आपके इस देश हित ओर साहसी कार्य को देख कर देश।

**सरफराज सोलंकी**

ये तो होना ही था/ भारत माता की जय। हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद।

**अंकुर सिंह तोमर**



आतंकियों ने भारतीय बहनों की मांगे उजाड़ दी। हमारे जाबाजों ने उनके परिवार ही उजाड़ दिए। जय हिंद। जय भारत।

**सुषमा सिंह**



आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमें अपनी सेना पर गर्व है। जय हिंद।

**अमृता सिंह**



हर भारतवासी के लिए गर्व से सिर ऊँचा करने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और भारतीय सेना की वीरता को प्रणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रणाम जो ना झुकते हैं, ना रुकते हैं, जो बोलते कम हैं, पर करते बड़ा काम हैं। उनके इरादों की धार ने दुश्मन को बताया — भारत अब चुप नहीं बैठता, सीधा वार करता है। मोदी है तो मुमकिन है, हर दुर्ग को फतह करना मुमकिन है।

**आमिर हुसैन एडवोकेट**

हमे देश की सेना पर गर्व है पूरा देश एक साथ अपने सैनिकों के साथ है हमारी मातृ शक्ति की झलक पाकिस्तान को दिखा दी है ऑपरेशन सिंदूर से हमने साबित कर दिया है जो बोलते है वो करके दिखाते है। जय हिंद।

**सुनील यादव**

हम भारतीय सेना को सलाम करते हैं, और अपने प्रधानमंत्री पर गर्व महसूस करते हैं।

**पुनीत कंसल**



भारत माता की जय माँ भारती के वीर सपूतों ने समूचे विश्व को अवगत करा दिया है कि यह वीर शिवाजी की भूमि है, यह वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की भूमि है। भारत माता की ओर आँख निकालने वाले को उसके हश्र तक पहुंचाने में माँ भारती के सपूत सदैव तत्पर हैं।

**नाशिर अल्वी**



हमें भारतीय सेना पर गर्व है। जय हिंद।

**ई. अरुण अग्रवाल**



ऑपरेशन सिंदूर अधर्म के विरुद्ध धर्म का प्रतीक है। हिंदू परंपरा में सिंदूर केवल वैवाहिता का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति-दिव्य स्त्री ऊर्जा का भी प्रतीक है। सिन्दूर का अपमान सृष्टि संतुलन पर प्रहार है। इस दृष्टि से, ऑपरेशन सिंदूर को धर्म और सम्मान की रक्षा रूप में देखें। ऐसे ही माँ दुर्गा की राक्षसी संहार छवि से प्रेरित है। ये युद्ध नहीं, आतंक के विरुद्ध न्याय है। 28 महिलाओं के सिंदूर दुष्टों ने उजाड़े पर कमीनें भूल गये कि स्त्री सम्मान हेतु जहॉं महाभारत की सभ्यता हैं। ये ऑपरेशन प्रतिशोध नहीं, बल्कि धर्म, सम्मान और मानवता विजय का आह्वान है।

**दीपक गौतम**

देश के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है आज हमारी सेना ने पहलगाव अटैक का बदला लिया है सेना ने पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानो पर जो अटैक किया है उससे सभी देशवासियों में खुशी की लहर है हमे अपने प्रधानमंत्री और सेना पर पूरा भरोसा है। जय हिंद जय भारत भारत माता की जय।

**हाशिम त्यागी**



याह सरकार ने बहुत अच्छा किया है पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। ऐसी कार्रवाई भारत को समय-समय पर करते रहना चाहिए पूरा भारत सरकार के साथ है हम भारतीय सेना पर गर्व है। जय जवान, जय भारत।

**प्राची शर्मा गोयल**



22 अप्रैल को हुए पहलगांव के बाद भारतीय सेना द्वार की गई करवायी से प्रतियेक भारतीय गर्व महसुस कर रहे हैंमोदी जी ने जो कहा वो करके दिखाया है। भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान के अंदर घुस कर आतंकवादियों के ठिकानों को उड़ा दिया ,अब पाकिस्तान की सेना पूरी तरह से डरी हुई है। ऑपरेशन सिन्दूर को सफल बनाने के लिए मैं प्रत्येक वीर जवानों को दिल से नमन करती हूँ।
जय हिंद जय भारत




**शालू पांडेय**– 22 अप्रैल को पाकिस्तान के इशारे पर आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछ कर हमारे देश के 27 हिंदू भाइयों की हत्या कर दी थी.... उसी दिन से पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हम सभी भारतवासियों का खून खोल रहा था.... आज जिस तरह से हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को सबक सिखाया ..और उसको घर में घुसकर मारा है इससे जितने लोगों ने भी अपनी जान गवाई थी उनके परिवार वालों को कुछ तसल्ली हुई होगी... हमारी भारतीय सेना ने यह दिखा दिया है कि पाकिस्तान उनकी मुट्ठी में है और वह जिस दिन भी चाहेंगे उस दिन पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे..... जिस तरह से एयर स्ट्राइक कर ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी भारतीय सेना ने पहलगाम के पीड़ितों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है उसके लिए.... एक नई राह..पगडंडियां की अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम अपनी भारतीय सेवा पर गर्व करती है उनके साहस और पराक्रम को सलाम करती है.. **जय हिंद जय भारत**



**सुषमा गंगवार** – आज पाकिस्तान पर हुए निर्णायक और साहसी हमले की नींद खुलते ही जानकारी प्राप्त कर गर्व से मेरा सिर ऊँचा हो गया। इस कार्यवाही में आपने न केवल देश की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि यह भी दिखा दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। आपका साहस, अनुशासन, और मातृभूमि के प्रति समर्पण हम सभी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आप जैसे निडर और समर्पित रक्षकों के कारण ही हम अपने घरों में निश्चिंतता से सांस ले पाते हैं। जिन महिलाओं को आतंकवादियों ने बोला था कि जाकर अपने मोदी को बता देना उन्ही महिलाओं की की दिल की आवाज सुनकर मोदी जी ने दिखाया दम हमारे देश के मुखिया विश्व विख्यात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल से हार्दिक बधाई कि वह अपने देश के लिए सदैव समर्पित हैं और भारत की तरफ से हमेशा दुश्मनों के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तत्पर।



**संदीप त्यागी** – 7 मई इतिहास के पन्नों में अमिट रहेगा। जिस तरह हम स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की गाथा पढ़ते सुनते आए है और उस दौर को याद करके अपने क्रांतिकारियों आजादी के दीवानों पर गौरवांवित होते है ठीक उसी प्रकार हमारी आने वाली पीढ़ी भी पुलवामा अटैक और पहलगाम में हुए निर्दोष भारतीय पर्यटकों के संहार के प्रतिशोध दिवस के रूप मे याद कर भारतीय सेना के वीर जांबाज योद्धाओं और जनता के प्रति समर्पित माँ भारती के लाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को हमेशा याद रखेगी। आज हमारी तीनों सेना ने जिस तरह साहस और शौर्य के साथ पाकिस्तान मे घुसकर आतंकी संगठनों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया । हलगाम के कायराना हमले के शिकार पीड़ित परिवारों को श्रद्धांजली दी है युवा किसान शक्ति संघ भारतीय सेना को सैल्यूट करता है सेना और सरकार तो अपना काम कर रही है लेकिन एक अच्छे नागरिक होने का परिचय हमे भी देना है अपने आसपास का माहौल खराब ना होने दे किसी भी प्रकार बेवजह का वाद विवाद ना करें सजगता और सतर्कता बरते।

**एनके नेगी** – मेरे पिताजी खुद उन्होंने भारतीय सेना में नौकरी की थी और जब हम छोटे थे वह उस समय की भारत चीन और पाकिस्तान से बॉर्डर पर पोस्टिंग होने के समय की घटना बताते थे। पहलगाम की घटना के बाद बाकी भारतीयों की तरह मुझे भी काफी दु :ख आक्रोश था और लग रहा था देश की प्रतिष्ठा पर आंच आई है तो इसके मुँह तोड़ जवाब दिया जाना चाहिए जो भारत सरकार ने सुनियोजित रुप से सभी सेना के अंगों से मिलकर जॉइंट ऑपरेशन के रुप में ऑपरेशन सिंदूर चलाया उस पर गर्व है और यह भी मांग है आतंक का जड़ से सफाया किया जाए ताकि कोई हमारे देश पर आंख उठाकर ना देख सके।



**सुजीत पाल** – भारतीय सेना ने दिया पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाव : सुजीत पाल छात्रनेता सुजीत पाल ने बताया कि जब देश में कर्नल सोफिया कुरैशी, व विंग कमांडर वियोमिका सिंह जैसी हमारी बहनें ही काफी है इन कायर आतंकवादियों के लिए । अरुण चौधरी ने कहा की पहल गांव में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए। निर्दोष लोगो की शहादत का बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर लिया है।



## सीजीएसटी इंस्पेक्टर भानेंद्र प्रताप को सीबीआई ने किया अरेस्ट

### शिकायतकर्ता से 11 लाख की रिश्वत मांगी थी, भागते समय पकड़ा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के सीजीएसटी इंस्पेक्टर को सीबीआई ने 2 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सीजीएसटी रिटर्न में आईटीसी गड़बड़ी के मामले में शिकायतकर्ता से 11 लाख की रिश्वत मांगी थी। गिरफ्तारी के दौरान इंस्पेक्टर भागने लगा और अपनी कार से सीबीआई की गाड़ी समेत कई वाहनों को टक्कर मारी।

2 किलोमीटर तक दौड़ाई इंस्पेक्टर ने कार सीबीआई ने करीब 2 किलोमीटर पीछा कर आरोपी को दबोचा। एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा बताया गया है कि सीजीएसटी इंस्पेक्टर भानेंद्र प्रताप को सीबीआई ने अरेस्ट किया है। वह सीजीएसटी के डिवीजन 3 में तैनात थे, शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत सीबीआई में की थी। इसके बाद सीबीआई ने इंस्पेक्टर को ट्रेस करना शुरू कर दिया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने 2,00,000 की रिश्वत इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रताप को दी तो वह अपनी गाड़ी में बैठ गया। सीबीआई ने जैसे ही पकड़ने का प्रयास किया। आरोपी इंस्पेक्टर ने गाड़ी दौड़ा दी। जिसमें बताया गया है कि तीन वाहनों को इंस्पेक्टर ने भागते समय अपनी गाड़ी से टक्कर भी मार दी। बाद में सीबीआई की टीम ने गाड़ी को खेलते हुए इंस्पेक्टर को दबोच लिया।

## स्कूटी सवार बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़

### फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, साथी के साथ की थी लूट वारदात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना विजयनगर क्षेत्र में पुलिस ने एक स्कूटी सवार बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है। बदमाश अभय ने कल अपने एक साथी के साथ विजयनगर थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। अभय का साथी बुधवार शाम को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया था। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अनुसार, 7 तारीख को दो बदमाशों ने विजयनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति को लूटा था। बुधवार रात एक बदमाश को पकड़ा गया, जबकि अभय फरार हो गया था। पुलिस को सूचना मिली कि अभय काली स्कूटी पर घूम रहा है।

#### पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैरे में गोली लगी

पुलिस ने जब अभय को रोकने का प्रयास किया तो वह जल निगम की तरफ कच्चे रास्ते पर भाग निकला। पुलिस की दूसरी टीम ने उसे घेर लिया। इसी दौरान अभय की स्कूटी फिसल गई। घिरा हुआ देख अभय ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अभय के पैर में गोली लगी। पूछताछ में पता चला कि अभय पर तीन अन्य मुकदमे दर्ज हैं। वह अपने साथी के साथ विजयनगर और कोतवाली क्षेत्र में लूट की वारदातें करता था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वह कर दिखाया : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता व वरिष्ठ समाजसेवी हरीश मल्होत्रा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को बदले की खुली चेतावनी दी और उस चेतावनी को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके सही साबित कर दिखाया। नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को उड़ा दिया और पाकिस्तानियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस कार्य के लिए हमें भारतीय सेवा पर गर्व है। भारतीय सेना ने ऐसा करके पाकिस्तानी आतंकवादियों को सही सबक सिखाया है। पाकिस्तानियों के हौसले पूरी तरह से पस्त हो गए हैं और पूरी तरह से डर गए हैं। पाकिस्तानियों को डर सता रहा है कि पता नहीं भारत अब किस तरह से हमला करेगा। पाकिस्तान की सेना पूरी तरह से डर चुकी है और अब पाकिस्तानी आतंकी भविष्य में किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले हजार बार सोचेंगे और हिंदुस्तान के प्रति ऐसा दुस्साहस नहीं करेंगे। आज हिंदुस्तानी नागरिक प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेवा के पराक्रम पर गर्व कर रहे हैं।

## चोरों ने छत से घुसकर की चोरी

### परिवार सोता रहा, बेटी की शादी के जेवर और कैश ले गए

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर की कच्ची सराय में झील वाली मस्जिद कॉलोनी में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। निजामुद्दीन के घर में चोर छत के रास्ते से घुसे। चोरी की वारदात रात करीब 12 बजे के बाद की है। चोरों ने सेफ अलमारी से 5 हजार रुपए की नगदी और लाखों के सोने-चांदी के गहने चुरा लिए। एक मोबाइल फोन भी ले गए। निजामुद्दीन ने बताया कि बेटी की शादी के लिए जमा किए गए जेवरात चोरी हो गए। घटना के समय निजामुद्दीन की पत्नी शबाना अपने बच्चों के साथ उसी कमरे में सो रही थीं। चोरी की जानकारी सुबह जागने पर हुई। कमरे में सामान बिखरा मिला। चोर छत पर रखी लकड़ी की चाली हटाकर घर में घुसे थे। आबादी वाले क्षेत्र में हुई इस चोरी से आसपास के लोगों में दहशत है। परिवार के सदस्यों के सोते रहने से आशंका है कि चोरों ने बेहोशी की दवा का इस्तेमाल किया होगा। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चोरों की तलाश और मामले की जांच जारी है।



!! शोक संदेश !!



श्रीमति जगरोशनी पाल (पूर्व पार्षद)
पत्नी श्री कमल सिंह पाल
मानव देह त्याग कर मंगलवार-29 अप्रैल 2025 को परमपिता परमात्मा के चरणो मे विलीन हो गयी है। उनकी आत्मा की शान्ति हेतू
" श्रद्धांजली एंव रश्म पगड़ी "
दिनांक ........ 9 मई 2025 दिन शुक्रवार
हवन ........ प्रात: 9 बजे से
बृह्मभोज ........ प्रात: 11:00 बजे
श्रद्धांजली सभा ........ दोपहर 2 बजे
स्थान: देवी अहिल्या बाई होलकर पार्क अर्थला मोहन नगर, गाजियाबाद यू.पी.
"शोकाकुल परिवार"
भतीजा- श्री मनोज पाल (पार्षद) 9810378713
पुत्र- श्री अमित पाल 9910531857
पुत्र- श्री सुमित पाल 9717566957

## सफाई में लापरवाही बरतने पर प्रबंधक का वेतन रोका



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम शहर में सिविल, जल और विद्युत से संबंधित चल रही परियोजना का निरीक्षण किया। यहां सेक्टर-24 सिचाई नाले में फ्लोटिंग मटेरियल पाया गया। इसे हटाकर फोटो सहित रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। प्रबंधक का रोका वेतन, कंपनी पर जुमार्ना फोर्टिस अस्पताल से खोड़ा को जाने वाले रास्ते पर सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़ा मिला। सुपरविजन में लापरवाही के उमेश चंद त्यागी प्रबंधक का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिए। बिजली घर के पास नाले में फ्लोटिंग पाया गया। ऐसे में कंपनी औसान कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार का जुमार्ना लगाने का निर्देश दिए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Narendra is with Bharatiya Janata Party (BJP) and 6 others. · Follow
8h ·
आज गाजियाबाद शहर के माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा जी से अपने आवास पर भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।"





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के आवास पर गुरुवार को शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस मुलाकात को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।